हरिभूमि रायपुर भूमि



# खारुन सूखी...होगा कायाकल्प

रायपुर। राजधानी रायपुरवासियों की जीवनदायिनी खारुन नदी के घाटों की मरम्मत और साफ-सफाई के लिए यहां के पानी को सुखाया जा रहा है। इस दौरान एनीकट की मरम्मत भी कराई जाएगी। नदी किनारे का कायाकल्प होने और कचरा हटाए जाने के बाद यहां का दृश्य और भी मनोरम होगा।

# ऑनलाइन महादेव सट्टा एप, एबिक्स का चेयरमैन विकास गर्ग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को एबिक्स के चेयरमैन और कारोबारी विकास गर्ग को दिल्ली स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने ईडी को 24 घंटे की ट्रांजिट रिमांड दे दी है, जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए रायपुर लाया जा रहा है। बुधवार की विशेष पीएमएलए कोर्ट में कारोबारी को पेश किया जाएगा। कारोबारी से पूछतछ करने जांच एजेंसी कोर्ट में पुलिस रिमांड के लिए आवेदन पेश कर सकती है।

गिरफ्तारी के चार दिन पूर्व ही ईडी ने विकास गर्ग, उसके परिवार और उसके स्वामित्व व नियंत्रण वाली कंपनियों की 940.77 करोड़ रुपए मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की है। कुर्क की गई संपत्तियों में दिल्ली स्थित आवास, गोवा और नैनीताल की अचल संपत्तियां, विभिन्न बैंक खातों में जमा धनराशि तथा एबिक्स कंपनी में 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी शामिल है। ईडी का दावा है कि इन संपत्तियों का निर्माण और अधिग्रहण महादेव बेटिंग एप से अर्जित कथित अवैध धन से किया गया।

## एराया लाइफस्पेसेज लिमिटेड का प्रमोटर

ईडी की जांच में सामने आया है कि विकास गर्ग विकास इकोटेक लिमिटेड, विकास लाइफकेयर लिमिटेड और एराया लाइफस्पेसेज लिमिटेड का प्रमोटर है। एजेंसी का आरोप है कि एराया लाइफस्पेसेज लिमिटेड के माध्यम से उसने एबिक्सकैश में करीब 64 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की और इसके लिए महादेव बेटिंग नेटवर्क से प्राप्त अवैध धन का इस्तेमाल किया। जांच में यह भी सामने आया कि बेटिंग से प्राप्त रकम को पहले शेल कंपनियों और फर्जी एंट्री आपरेटरों के जरिए कई स्तरों पर ट्रांजेक्शन किया गया, ताकि उसकी वास्तविक पहचान छिपाई जा सके। बाद में इसी रकम को शेयर बाजार, रियल एस्टेट, कार्पोरेट अधिग्रहण और अन्य निवेशों में लगाया गया।






## विधायक पुरंदर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी, केस दर्ज



रायपुर। उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ तेलीबांधा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। वार्ड-48 के पार्षद महेश कुमार ध्रुव की शिकायत पर पुलिस ने ललित तांडी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पार्षद ने पुलिस को बताया कि ललित ने अपने फेसबुक अकाउंट पर विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की।

### चार महीने से चल रहा सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ वैक्सीनेशन अभियान

# ऐसी झिझक जो खत्म नहीं हो रही, 31 लाख को लगाना है एचपीवी वैक्सीन, लगे सिर्फ 78 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


भविष्य में विपरीत असर होने की आशंका के बाद एचपीवी वैक्सीन के लिए लोगों में फैली झिझक खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। चार महीने से चल रहे सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ निशुल्क वैक्सीनेशन के अभियान में राज्य में आंकड़ा केवल 25 फीसदी पर ही सिमटा हुआ है। राज्य में 31 लाख किशोरियों को यह टीका लगाना है, मगर अब तक 78 हजार के वैक्सीनेशन में सफलता मिल पाई है। रायपुर जिला इस मामले में 26वें नंबर पर है, जिसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि आबादी के हिसाब से यहां लक्ष्य ज्यादा है।

केंद्र सरकार महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाले सर्वाइकल कैंसर पर रोक लगाने के लिए देशभर में एचपीवी वैक्सीनेशन का निशुल्क अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान की शुरुआत मार्च में की गई थी। उस दौरान यहां 31 लाख 2522 किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसकी सुविधा जिला अस्पतालों, मेडिकल कालेज के साथ एम्स में भी दी गई थी। अफसरों के अनुमान के विपरीत किशोरियों को यह टीका लगवाने परिजन राजी नहीं हुए। इसकी वजह वैक्सीन के साइड इफेक्ट पर फैली भ्रांतियां ने लोगों को टीका केंद्र तक जाने से रोक दिया। विभागीय स्तर पर परिजनों की धारणा बदलने लगातार प्रयास किया जा रहा है, मगर लोगों की झिझक दूर नहीं हो पा रही है, जिसका असर इस वैक्सीनेशन अभियान पर पड़ रहा है। राज्य में अब तक करीब 78 हजार लोगों को टीका लगाने में सफलता मिली है और लगभग 30 लाख 22 हजार लोगों को यह टीका लगाना है। इसमें रायपुर जिले के पास सबसे ज्यादा 29 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें लगभग 33 सौ किशोरियों को यह टीका लगाने की वजह से राज्य में 26वें नंबर पर है।

## रायपुर राज्य में 26वें नंबर पर, तर्क- आबादी के हिसाब से लक्ष्य ज्यादा

### सुदूर इलाकों में ज्यादा दिक्कत

स्वास्थ्य विभाग ने दूरवर्ती इलाकों में भी टीकाकरण कर रही है मगर वह जागरुकता ना के बराबर होने और कई इलाके पहुंच विहीन होने की वजह से वैक्सीनेशन की केवल औपचारिकता ही पूरी हो पाई है। इसमें नारायणपुर में केवल 64, सुकमा में 142, कोंडागांव में 328, कांकेर में 415 किशोरियों को यह टीका लगाया जा सका है। कोरिया, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी लक्ष्य को पूरा कर पाया है।




### प्रमुख जिलों में स्थिति

| जिल | लक्ष्य | तक |
|---|---|---|
| रायपुर | 28793 | 3300 |
| बिलासपुर | 22362 | 5300 |
| दुर्ग | 18715 | 4400 |
| राजनांदगांव | 10452 | 5200 |

### चल रहा विशेष टीकाकरण अभियान

ज्यादा से ज्यादा किशोरियों को यह टीका लगाने के लिए 13 से 18 जुलाई तक यह अभियान चलाया जा रहा है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. वीआर भगत ने बताया कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। टीकाकरण महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम का एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय है और यही एक वैक्सीन है जो कैंसर जैसे घातक बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है।

# क्लासमेट पर फेंकी पानी की बोतल फिर बाहरी लड़के बुलाकर चाकूबाजी

- शासकीय विद्यालय फुंडहर की घटना, दोषी विद्यार्थी को थमाई गई टीसी
- घायल छात्र का आंबेडकर अस्पताल में इलाज जारी, जांघ में गंभीर जख्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के शासकीय स्कूल में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मामला धरमपुरा क्षेत्र स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल फुंडहर का है। यहां 11वीं कक्षा के छात्रों के मध्य मामूली बात पर चाकू चल गए। पूरी घटना सोमवार दोपहर 3.15 मिनट की है। कक्षा में पढ़ाई के दौरान एक छात्र ने अपने क्लासमेट पर पानी की बोतल फेंक दी। कारण पूछे जाने पर बोतल फेंकने वाले छात्र ने कक्षा से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी। धमकी देने वाले छात्र ने अपने अन्य साथियों को बुलाया, जो स्कूल में अध्ययनरत नहीं थे। उन्होंने मिलकर शाला गेट के बाहर छात्र को चाकू मारे। हमले में छात्र की जांघ पर गंभीर जख्म आया है। छात्र को आनन-फानन में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्र की हालत फिलहाल स्थिर है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने इसके आधार पर कार्रवाई कर जांच पूरी की।

### बागवानी के लिए कक्षा से बाहर आए थे छात्र

पूरे मामले पर प्राचार्य वंदना अग्रवाल ने कहा, इस घटना से संबंधित दोषी विद्यार्थी पर कार्रवाई करते हुए टीसी दे दी गई है। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई थी। आरोपियों को पुलिस हिरासत में रखा गया है। यह घटना विद्यालय के गेट के बाहर हुई, जिसकी जानकारी बीईओ को दे दी गई है। मारपीट की घटना में शामिल युवक विद्यालय के छात्र नहीं थे, बल्कि विद्यालय के एक छात्र के बुलाने पर वे स्कूल के मुख्य गेट के बाहर आकर खड़े हुए थे। उनके मुताबिक, सातवें पीरियड के दौरान बागवानी के लिए छात्र कक्षा से बाहर आए थे। जैसे ही संबंधित छात्र विद्यालय परिसर से बाहर निकला, बाहरी युवकों ने उसके साथ मारपीट की। यह पूरी घटना विद्यालय के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। प्राचार्य ने बताया कि जिस छात्र ने बाहरी युवकों को बुलाया था, उस पर शाला प्रबंधन समिति ने निर्णय करते हुए टीसी दे दी है। फुंडहर स्कूल में इस प्रकार की घटना पहले कभी नहीं हुई थी और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए विद्यालय द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।






# बारिश हो नहीं रही, मौसम विभाग की संभावना पर टिकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- वर्षा की कमी 29 फीसदी की, आज से गतिविधि बढ़ने का अनुमान

बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने और उसके असर से मौसम में सुधार होने की संभावना लगातार बन रही है, मगर प्रदेश में बारिश हो नहीं रही है। पिछले चौबीस घंटे में पानी गिरने की स्थिति शून्य रही और मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में गतिविधि बढ़ने की संभावना जताई है। राज्य में बरसात की कमी 29 फीसदी तक पहुंच गई है और उमस भरी गर्मी का दौर जारी है।

राजधानी में बारिश थमे पांच दिन बीत चुके हैं, जिसकी वजह से उमसभरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर रखा है। पिछले तीन दिन से राज्य में पानी गिरने की संभावना बढ़ रही है, मगर ऐसा हो नहीं पा रहा है। संभावनाओं के बीच कमी का अंतर बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी राज्य में कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रही और पिछले चौबीस घंटे राज्य के किसी भी इलाके में छींटे नहीं पड़े। राजधानी में हल्के बादलों के बीच अधिकतम तापमान 34.8 दर्ज किया गया और बिलासपुर का पारा 35.6 तक पहुंचा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जम्मू, देहरादून, बाराबंकी, पटना, बंकुरा, कनिंग और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

# चतुर्थी तिथि का क्षय इसलिए आषाढ़ की गुप्त नवरात्रि 8 दिनों की,12 वर्ष बाद गजकेसरी योग संग पुष्य नक्षत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गुप्त रूप से होगी आराधना, तंत्र साधना और विशेष अनुष्ठान

आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि की शुरुआत 15 जुलाई से हो रही है। यह 23 जुलाई तक चलेगी। इस बार चतुर्थी तिथि के क्षय के कारण यह गुप्त नवरात्रि 8 दिनों की ही होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष गुप्त नवरात्रि में करीब 12 साल बाद दो दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहे हैं। इन विशेष योगों के कारण यह नवरात्रि साधना, पूजा-पाठ और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अत्यंत फलदायी मानी ▶▶|शेष पेज 11 पर

### दस महाविद्याओं की साधना

गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व दस महाविद्याओं की साधना के लिए भी माना जाता है। इन नौ दिनों में साधक मां काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी सहित दस महाविद्याओं की आराधना, तंत्र साधना और विशेष अनुष्ठान करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि में की जाने वाली साधनाएं गुप्त रूप से ही करनी चाहिए, तभी उनका पूर्ण और शुभ फल प्राप्त होता है।







## राजधानी में अमृत मिशन से राजधानी के 2 लाख 21 हजार घरों में पहुंच रहा पेयजल

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने राजधानी रायपुर में अमृत मिशन योजना के कार्य को लेकर सवाल उठाया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, सुनील सोनी और राजेश मूणत ने कहा, हर साल रायपुर के लोगों को भीषण जल संकट से जूझना पड़ता है। जहां पानी टंकी है, वहां भी टैंकरों से पानी की सप्लाई हुई, इस पर मंत्री ने कहा, योजना पर काम किया जा रहा है।



प्रश्नकाल में विधायक अजय चंद्राकर ने रायपुर में अमृत मिशन के क्रियान्वयन को लेकर सवाल किया। मंत्री ने बताया कि रायपुर में 2016 से इसका क्रियान्वयन शुरू हुआ। उपलब्ध राशि के हिसाब से 5 पैकेज की स्वीकृति हो पाई, जिसमें 20 में आंशिक रूप से उपलब्धता हो पाई। अभी 304 करोड़ का काम प्रक्रियाधीन है। राजधानी में जनसंख्या का भी लगातार प्रसार हो रहा है। उन्होंने बताया कि राजधानी में 3 लाख 42 हजार आवास हैं, 2 लाख 21 हजार आवास में पेयजल पहुंच रहा है। यहां का जल स्तर भी नीचे जा रहा है, फिर भी हम कोशिश कर रहे हैं कि सभी घरों तक नल कनेक्शन पहुंचे। आने वाले समय में सभी घरों तक पानी पहुंचाने में सफल होंगे।

### कितने वार्डों के लिए बनी योजना

इस पर विधायक अजय चंद्रकार ने पूछा कि परियोजना कितने वार्डों के लिए बनी? योजना कितने राशि की बनाकर भेजी गई? 1 लाख 21 हजार घरो में पानी नहीं जा रहा है, आखिर योजना बनाई किसने? उप मुख्यमंत्री ने बताया कि फेस 1 में 10 लाख से कम आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिशत के हिसाब से राशि निर्धारित की गई, पर जब राशि कई चीजों के लिए उपलब्ध नहीं थी, वहां का कार्य नहीं हो पाया है। हम कार्य कर रहे हैं, जहाँ तक पानी नहीं पहुंचा है वहां भी पानी पहुंचे।

### लभांडी-फुंडहर की टंकी से पानी सप्लाई नहीं

अजय चंद्रकार ने सवाल किया कि स्मार्ट सिटी से और 15वें वित्त आयोग से राशि का कितना प्रोविजन किया गया, कितने को पानी मिल रहा है? उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अभी जो 304 करोड़ का काम स्वीकृत हुआ है। 15वें वित्त से 45 करोड़ 33 लाख रुपए के लिए लाभांडी-फुडंहर से अधोसंरचना और कई अन्य क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधान राशि के हिसाब से किए गए हैं। अभी यहां की टंकियों से पानी सप्लाई शुरू नहीं हुआ है।

### पूर्व में पीएचई करती थी संचालित

अजय चंद्रकार ने सवाल किया कि लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कौन सी योजना के तहत पानी देता है? और नगर निगम में पेय जल की आपूर्ति के लिए क्या सेटअप है? कौन व्यक्ति पेयजल के लिए जिम्मेदार है? इस पर अरुण साव ने बताया कि पेयजल के लिए और उसकी जांच के लिए पूरा सेटअप है। एक्जिक्यूटिव इंजिनियर सभी कार्यों के लिए अपना कार्य कर रहे है।



*विधानसभा में विपक्ष ने प्रश्नकाल में औद्योगिक दुर्घटनाओं पर सवाल उठाते हुए वेदांता पावर प्लांट में हुए हादसे में निदेशक अनिल अग्रवाल की गिरफ्तारी नहीं होने पर मुद्दा उठाया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इस पर कहा, सक्ती वेदांता पावर प्लांट में हुए हादसे के बाद ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल पर एफआईआर दर्ज कर सरकार ने गंभीरता का परिचय दिया। उन्होंने सवाल किया कि इससे पहले भी कई हादसे हुए हैं, तो क्या ऐसे सभी मामलों में कंपनी के डायरेक्टर पर भी मामले दर्ज किए जाएंगे या सिर्फ अनिल अग्रवाल पर एफआईआर कर मामले को दबा दिया जाएगा।*

# वेदांता पॉवर प्लांट हादसा, भूपेश का आरोप- चेयरमैन पर एफआईआर, किसी और को फायदा पहुंचाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, प्रक्रिया के तहत जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने प्रदेश में औद्योगिक दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा, विगत दो वर्षों में कितनी औद्योगिक दुर्घटना हुई है? मंत्री ने जो परिशिष्ट दिया है, उसमें जो कारण मिला है, वह सेफ्टी ऑडिट ना होने के कारण दुर्घटनाएं हुई हैं? क्या कोई नोटिस दिया गया है, या जांच कराई गई है? सेफ्टी ऑडिट कितने साल में होना चाहिए? उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि खतरनाक रसायनों के निर्माण भंडारण और संबंधित नियम के अनुसार एक बार ग्राहय एजेंसियों से ऑडिट कराया जाता है। अब तक प्रदेश के 32 कारखानों में सेफ्टी ऑडिट हुआ है। जहां नहीं हुआ है, वहां कार्रवाई करने का भी प्रावधान है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, सक्ती में वेदांता पावर प्लांट में जो हादसा हुआ था, वहां केवल 2 लोगों को ही आरोपी बताया गया है? इस पर मंत्री ने कहा कि और लोगों को भी आरोपी बनाया गया है, जो प्रक्रियाधीन है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब पुलिस के दस्तावेज में अनिल अग्रवाल का नाम है, तो उसे पकड़ने के लिए क्या कार्रवाई कर रहे है? मंत्री ने कहा , जल्द ही कार्रवाई करेंगे।

## अब तक हुए औद्योगिक हादसों में डायरेक्टरों पर मामला दर्ज करने की मांग, विपक्ष का वॉकआउट



### सूची में शामिल सभी प्लांट के डायरेक्टर पर कार्रवाई होगी

पूरक प्रश्न में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, पहले भी मंत्री के क्षेत्र में वेदांता हादसे में 42 लोगों की मौत हुई थी, उस दौरान अनिल अग्रवाल पर कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन सक्ती वेदांता मामले में 25 लोगों की मौत के मामले में अनिल अग्रवाल पर कार्रवाई की गई। उन्होंने अपना सवाल दोहराया कि लिस्ट में जिन प्लांट या कंपनियों में हादसे हुए है क्या उनके डायरेक्टर पर कार्रवाई होगी या सिर्फ अनिल अग्रवाल पर ही कार्रवाई की गई।

### सदन में फिसली उद्योग मंत्री की जुबान

जवाब देने के दौरान मंत्री की जुबान फिसल गई और उन्होंने ये कह दिया कि मुख्यमंत्री अनिल अग्रवाल को बचाना चाहते हैं। मंत्री का जवाब सुनते ही भूपेश बघेल ने उन्हें आड़े हाथों लिया, इस पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने माफी मांगी और फिर पूर्व मुख्यमंत्री कहा। भूपेश बघेल ने कहा, मामले में सिर्फ एफआईआर की गई, लेकिन इसके आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### अडानी को लाभ पहुंचाने वेदांता ग्रुप पर कार्रवाई

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि अनिल अग्रवाल को दबाव में लाने और किसी और को फायदा पहुंचाने के लिए उन पर एफआईआर किया गया है। भूपेश बघेल ने कहा, अब तक सिर्फ अनिल अग्रवाल पर कार्रवाई की गई। क्या उन पर दबाव बनाने और उनकी फैक्ट्री बिकवाने के लिए कार्रवाई की गई? विपक्ष ने छत्तीसगढ़ बेचना बंद करो के नारे लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस ने अडानी को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए वेदांता ग्रुप और अनिल अग्रवाल पर कार्रवाई का आरोप लगाया। हंगामे के बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

### अब तक नहीं मिला मुआवजा

विधायक राम कुमार यादव ने कहा, यह मामला पूरे प्रदेश का सबसे बड़ा मामला है। प्रभावित



मजदूरों को यहाँ की सरकार, दिल्ली की सरकार ने मुआवजा देने की घोषणा की थी, लेकिन वो अब तक नहीं दिया गया है। मंत्री ने बताया कि कंपनी द्वारा आश्रितों को 35-35 लाख का मुआवजा दिया गया है। मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुसार 5 लाख रुपए और केंद्र द्वारा 2 लाख देने को कहा गया है।

**संस्कृति पुरातत्व के संरक्षण पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने लगाए आरोप**

# छत्तीसगढ़ में 26 साल में न अभिलेखागार बन पाया और न धरोहरों का संरक्षण

संस्कृति और पुरातत्व के संरक्षण के मुद्दे पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया कि राज्य गठन के 26 साल बीत जाने के बाद भी ऐसा अभिलेखागार नहीं बन पाया है, जहां समृद्ध छत्तीसगढ़ का इतिहास एक स्थान पर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा, राज्य के प्राचीन पुरातत्व धरोहरों का संरक्षण भी नहीं हो पा रहा है। विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह ने इस मुद्दे को उठाया। अजय चंद्राकर ने कहा, सिरपुर, भोरमदेव, राजिम, बारसूर जैसे अनेक स्थान अपनी स्थापत्यकला के लिए प्रसिद्ध हैं। ऐसे ही कई और स्थान हैं, जिनका इतिहास कई शताब्दियों पूर्व के हैं, लेकिन इन स्थानों से प्राप्त मूर्तियों या अवशेषों का कोई विस्तारित दस्तावेज नहीं मिलते। प्राचीन धरोहरों से जुड़े हुए रिकॉर्ड न तो दुरस्त हैं और इन संरक्षण का कोई काम दिखता है। राज्य का सबसे बड़ा और एक मात्र ऐतिहासिक संग्रहालय है, जिसकी स्थापना 1875 में रायपुर में निजी सहयोग से की गई थी। इसी संग्रहालय में सिरपुर से प्राप्त 7वीं शताव्दी की प्राचीन अवलोकितेश्वर की मूर्ति रखी गई थी। इसकी कीमत 19 करोड़ रुपये तक आंकी गई है। यह मूर्ति 80 के दशक में चोरी हो गई थी। अब इसे लेकर यह जानकारी सामने आई है कि यह मूर्ति अमेरिका में मिल गई है। प्राचीन वस्तुओं की तस्करी करने वाले नेटवर्क के पास यह मूर्ति बरामद की गई है और इसे भारत सरकार को लौटाया जा रहा है।



### प्राचीन नाट्य शाला सुरक्षित नहीं

वहीं धर्मजीत सिंह ने कहा कि ताला, मल्हार, बिलासपुर, भोरमदेव में भी एक ढंग का संग्रहालय नहीं है। इन स्थानों की प्राचीन वैभव का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, संरक्षण का तो सरगुजा का रामगढ़ में दिख रहा है। प्राचीन नाट्य शाला ही सुरक्षित नहीं है।

### संग्रहालय में रखे रजिस्टर को दीमक खा गए

उन्होंने कहा, इसी को लेकर यह भी जानकारी सामने आई है कि महंत घासीदास संग्रहालय में रखे गए रजिस्टर में मूर्ति के बारे में विस्तार से जानकारी थी, लेकिन रजिस्टर को दीमक खा गए। इस स्थिति में मूर्ति को लेकर कोई प्रमाण पुरातत्व विभाग पेश नहीं कर पाया है। परिमाण स्वरूप मूर्ति अब वापस नहीं ला जा सकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य के धरोहर को लेकर किस स्तर की लापरवाही बरती जा रही है. इसे यह भी प्रतीत होता है कि ऐसी और कितनी प्राचीन वस्तुओं को लेकर लापरवाही बरती गई होगी।

### मुक्तांगन की जमीन बांटी जा रही

उन्होंने यह आरोप लगाया कि ऐसा लग रहा है कि विभाग या प्रशासन के लिए पुरातत्व धरोहर महत्वहीन जैसा हो चुका है, जहां छत्तीसगढ़ की इतिहास, परम्परा के साक्ष्यों को कबाड़ की वस्तुओं की तरह फेंक दी गई है। राज्य की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण-संवर्धन की नाकामी के कारण जनता में प्रशासन के प्रति काफी रोष और आक्रोश है। उन्होंने यह भी कहा, वर्तमान में राज्य सिर्फ एक स्थान पर ही खुदाई चल रही है, जबकि प्रदेश कई साइट जीर्ण अवस्था में पड़े हैं।

### प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम जारी- अग्रवाल

इन आरोपों पर जवाब देते हुए संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, राज्य की प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की देख-रेख लगातार जारी है। नए संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजे गए हैं। भोरमदेव मंदिर में विकास और संरक्षण के लिए 150 करोड़ केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। घासीदास संग्रहालय में रजिस्टर नष्ट होने के मामले में भी जिम्मेदार को नोटिस दिया गया है। अभिलेखागार बनाने का प्रयास भी हो रहा है।

## सत्ता पक्ष के विधायक ने खोली जल जीवन मिशन की पोल, कहा- गांवों में सिर्फ हैं टोटियां, ना टंकी ना ही टोटी में जल

भाजपा विधायक भैयालाल राजवाड़े ने विधानसभा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन और गांवों में पानी के टंकी होने के बाद भी जल आपूर्ति नहीं होने पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि गांवों में जल जीवन मिशन के तहत काम हुआ, लेकिन



इसको करवाने के बाद विभाग ने पंचायत को पानी की टंकी हैंडओवर कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि ना तो टंकी में पानी है और ना ही लोगों के घरों में लगे नलों में, ऐसे में क्या केवल कागज पर काम पूरा हो जाने पर जल की आपूर्ति हो जा रही है।विधायक भैयालाल राजवाड़े के सवाल पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा जल जीवन मिशन का काम तेजी से पूरा किया गया है। यदि किसी गांव में इस तरह की कोई समस्या सामने आई है, तो विधायक उसकी सूची बनाकर विभाग को उपलब्ध करा सकते हैं। मंत्री ने बताया कि 928 में से 751 टंकी बन कर पूरी हो चुकी है। 177 का निर्माण जारी है। 447 टंकी से पानी की आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है।

### मंत्री ने दिया जांच कराने का आश्वासन

भैयालाल राजवाड़े ने कहा, क्षेत्र में टंकियां तो बना दी गई हैं, लेकिन उनमें से एक भी टंकी से लोगों को पानी नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ टोटियां लगाई गई हैं, जबकि निर्माण का भुगतान भी किया जा चुका है। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। मंत्री ने सदन में आश्वासन दिया कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत या तथ्य सामने आते हैं, तो सरकार पूरे मामले की जांच कराएगी।

# ममता ने संभाला राज्य महिला आयोग अध्यक्ष का पदभार, किरणमयी बोलीं- मुझसे नहीं लिया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की नई अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इधर पूर्व अध्यक्ष किरणमयी नायक का कहना है, मेरा कार्यकाल पूरा हो गया है, लेकिन अभी हाईकोर्ट में स्टे लगा है, इसलिए जब तक प्रदेश सरकार स्टे को समाप्त नहीं कराती है, तब तक मैं विधिवत चार्ज नहीं दे सकती। मुझसे चार्ज लिया भी नहीं गया है। मैंने राज्य सरकार को स्टे की जानकारी दे दी है। नई अध्यक्ष का कहना है, पूर्व अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है, मैंने अपना पद संभाल लिया है, स्टे के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

शास्त्री चौक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डा. ममता साहू ने पदभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. ममता साहू ने आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और सभी से समर्पण, पारदर्शिता तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने आयोग के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग महिलाओं को न्याय दिलाने, उनकी शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण तथा उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा, आयोग महिलाओं के हितों से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करेगा।



### विधिवत चार्ज लेना जरूरी : किरणमयी



पूर्व अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा, मेरा कार्यकाल समाप्त हो गया है, मैंने आयोग के दफ्तर से अपना सारा सामान भी समेट लिया है। अध्यक्ष के पद को लेकर अभी हाईकोर्ट में स्टे लगा हुआ है। ऐसे में विधिवत मैं चार्ज नहीं दे सकती हूं। मैंने स्टे के बारे में सरकार को जानकारी दे दी है। सरकार स्टे समाप्त करवा लेगी और मुझसे चार्ज लिया जाएगा तो मैं चार्ज दे दूंगी। मैंने भी पूर्व अध्यक्ष अनिला भेडिया से चार्ज लिया था। यह एक प्रक्रिया है, इसका पालन करना चाहिए।

**नगरीय निकायों की लापरवाही**

# कर्मचारियों का एनपीएस अंशदान समय पर जमा नहीं, अब सरकार ने कसी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत कर्मचारियों का अंशदान समय पर जमा नहीं होने का मामला सामने आया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने माना है कि बार-बार निर्देश जारी करने के बावजूद कई नगर निकाय कर्मचारी और नियोक्ता (शासन) के अंशदान से जुड़ी जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इसका सीधा असर कर्मचारियों के प्रान खातों में राशि जमा होने पर पड़ रहा है।

विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगर निकाय कर्मचारियों के वेतन से काटे गए कर्मचारी अंशदान और निकाय द्वारा देय समतुल्य अंशदान को एनपीएस खाते में स्थानांतरित करने के बाद उसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में संचालनालय को भेजना अनिवार्य है, ताकि राशि का मिलान कर संबंधित कर्मचारियों के प्रान खातों में समय पर जमा किया जा सके।

### अधूरी और विलंबित जानकारी बनी परेशानी की वजह


आदेश के अनुसार, संचालनालय द्वारा समय-समय पर पत्र जारी किए जाने के बावजूद अनेक नगरीय निकाय निर्धारित प्रारूप में पूरी जानकारी नहीं भेज रहे हैं। कई मामलों में जानकारी अधूरी रहती है, त्रुटिपूर्ण होती है या फिर काफी विलंब से प्राप्त होती है। इसके कारण संचालनालय राशि का समय पर मिलान नहीं कर पाता और कर्मचारियों के प्रान खातों में एनपीएस अंशदान समय पर जमा नहीं हो पाता। विभाग ने यह भी स्वीकार किया है कि इस स्थिति से कर्मचारियों के हित प्रभावित होने के साथ-साथ अनावश्यक प्रशासनिक कठिनाइयां भी उत्पन्न हो रही हैं।

### अब निर्धारित प्रारूप में देनी होगी पूरी जानकारी

इसी समस्या के समाधान के लिए संचालनालय ने कर्मचारियों के अंशदान संबंधी जानकारी एकरूप और समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने हेतु नया निर्धारित प्रपत्र तैयार किया है। सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित प्रारूप में पूरी तरह परीक्षण एवं सत्यापन के बाद जानकारी, आवश्यक प्रमाणपत्र और अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर सहित तय तिथि पर संचालनालय को भेजना सुनिश्चित करें।

## प्राकृतिक आपदा के तीन मामलों में 12 लाख सहायता स्वीकृत

**रायपुर।** जशपुर जिले में प्राकृतिक आपदाओं से हुई जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए जिला प्रशासन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांसाबेल तहसील के ग्राम नकबार निवासी सुखयारो बाई की कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में उनकी माता श्रीबाई को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनोरा तहसील के ग्राम खोखसो बेंजोरा निवासी जयपाल राम की नाले में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मनकुमारी बाई को 4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। वहीं मनोरा तहसील के ग्राम बेंजोरा निवासी दिलसार अंसारी की कुएं में डूबने से हुई मृत्यु के मामले में उनके पिता जमील अंसारी को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जा रही हैं, ताकि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को त्वरित आर्थिक संबल मिल सके।




**हर तीन माह में प्रदेश स्तर पर भी कार्यसमिति में होगा मंथन**

# भाजपा अभी से चुनावी मोड में, बूथों को मजबूत करने हर माह मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ढाई साल पहले ही अभी से चुनावी मोड में आ गया है। भाजपा ने 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है कि अब बूथों से लेकर जिलों में हर माह बैठक की जाएगी। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी। इसका प्रारंभ भी हो गया है। लगातार दूसरे माह बैठकों का दौर चल रहा है। पहले दो सप्ताह में जिलों और मंडलों की बैठक के बाद अब तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्रों और माह के अंतिम रविवार को प्रदेश के सभी बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के बाद बैठक होगी। इसमें बूथों की स्थिति पर मंथन किया गया। भाजपा का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के हर




बूथ को विधानसभा चुनाव के पहले मजबूत करने पर है। इसके लिए अब हर माह बूथों से लेकर जिला स्तर बैठक करके मंथन किया जाएगा और बूथों को मजबूत करने की रणनीति बनाकर कमजोर बूथों को मजबूत किया जाएगा। हर तीन माह में प्रदेश कार्यसमिति भी नियमित रूप से होगी। इसमें कमजोर बूथों पर चर्चा करके इसको मजबूत करने के लिए दिग्गज नेता मार्गदर्शन देंगे। भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा का उन तीन हजार नए बूथों पर भी बड़ा फोकस है। अब हर माह भाजपा का बैठकों का दौर चलेगा। इसका प्रारंभ बीते माह से हो चुका है। दूसरे माह भी लगातार इसका क्रम चल रहा है। इसमें बूथों को लेकर खास मंथन किया जा रहा है। किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करके इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठकों के लिए क्रम भी तय किया गया है। हर माह के पहले सप्ताह में मंडलों की बैठक होगी। दूसरे सप्ताह में जिलों और तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। अंत में बूथों की बैठक चौथे सप्ताह में ही होगी। यह क्रम लगातार चलेगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की न्याय पदयात्रा आज

सिलयारी। ग्राम सम्मानपुर-नकटी के प्रभावित गरीब परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 15 जुलाई को भव्य न्याय पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा ग्राम सम्मानपुर-नकटी से प्रारंभ होकर राजभवन, रायपुर तक निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि नकटी गांव के प्रभावित गरीब परिवारों को न्याय दिलाने, उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से इस पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय पदयात्रा के माध्यम से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा तथा सरकार से न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### शिक्षक हेमंत को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

अभनपुर। पीएमश्री उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अभनपुर के शिक्षक हेमंत कुमार साहू का चयन



स्वर्गीय श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2026 के लिए हुआ है। यह सम्मान उन्हें 15 जुलाई को रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। हेमंत साहू का चयन शिक्षा में नवाचार, अटल टिंकरिंग लैब के प्रभावी संचालन, डिजिटल शिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर किया गया है। इस उपलब्धि पर डीएमसी रायपुर अरुण शर्मा, एपीसी पूनम तिवारी, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी तथा समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

### पुष्कर साहू बने संगठन सचिव

आरंग। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू की अनुशंसा पर प्रदेश संयोजक शशिकांत साहू द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ



युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार आरंग नगर के सक्रिय पार्षद एवं समाजसेवी पुष्कर साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारियों की घोषणा की गई है, जिसमें आरंग से पुष्कर साहू को प्रदेश संगठन सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति पर आरंग नगर सहित साहू समाज में हर्ष का वातावरण है।

### कन्हेरा की शिक्षिका हर्षलता का होगा सम्मान

सिलयारी। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह–2026 का आयोजन 15 जुलाई दिन बुधवार सायं 5:00 बजे विमतारा, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी , प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल , संस्थापक एन.आर. स्टील, रायगढ़ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. चितरंजन कर , पूर्व विभागाध्यक्ष (भाषा विज्ञान), राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत उपस्थित रहेंगे।

**आदेश 05 नियम 20, 1 (क) व्य.प्र. सं. 1908 के तहत प्रकाशन**
**न्यायालय दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी आदित्य जोशी)

गणेश राम ............आवेदक
विरुद्ध
दी न्यु इंडिया इंश्योरेन्स कं. लि. वगै.
............अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्रमांक - 1263/2023
पेशी तारीख–24/08/2026
प्रो.क्र.–260
बनाम

1. स्काई लाइन लॉजिस्टिक प्रो. इन्द्रजीत घोष एस. 161 ब्लाक ट्रांसपोर्ट नगर बंजारी मंदिर के पास भनपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) (पॉलसी धारक वाहन ट्रक क्रमांक सी.जी. 04 एम.टी. 8884)

आवेदक गणेश राम यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व. तिजऊ राम निवासी ग्राम झल्फा थाना हिर्री जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने आपके विरुद्ध दिनांक 08/06/2023 को वाहन ट्रक क्रमांक सी.जी.04 एम.टी.8884 मे दुर्घटना के परिणास्वरुप स्वयं को गंभीर चोट आने पर क्षतिपूर्ति राशि 46,00,000 / (छियालीस लाख रुपये) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो.यान.अधि.का एक प्रकरण संस्थित किया है।

अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 24/08/2026 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजों सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे।

आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 24/08/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।

(आदित्य जोशी)
दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

## 5-6 महीने पहले भी मिली थी लाश, ग्रामीणों में दहशत

# बेंद्री में बोरी में बंद मिला युवक का शव चेहरा पत्थर से कुचला, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां क्षेत्रीय विधायक के गृहग्राम बेंद्री में एक अज्ञात युवक का बोरी में बंद शव बरामद किया गया है। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रथम दृष्टया यह मामला बेरहमी से की गई हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात आरोपियों ने युवक की हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को बोरी में भरकर यहां फेंक दिया था। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटनास्थल पर शव के पास ही एक बड़ा पत्थर मिला है, जिस पर खून के निशान हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी पत्थर से युवक के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ कई वार किए गए हैं। हमला इतना बर्बर था कि मृतक का चेहरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसके कारण फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।



घटना की सूचना मिलते ही राखी थाना पुलिस की टीम तत्काल दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त संभावित पत्थर और अन्य साक्ष्यों को जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के गांवों और थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके।

### जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तार

इस वारदात ने स्थानीय पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि करीब 5-6 महीने पहले भी इसी घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक अन्य व्यक्ति का शव बोरी में बंद मिला था। एक ही इलाके में दोबारा इस तरह की खौफनाक वारदात होने से बेंद्री सहित आसपास के ग्रामीणों में चिंता और दहशत का माहौल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मौत के कारणों का सटीक पता चलेगा। मृतक की पहचान के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राखी में स्वास्थ्य शिविर मोतियाबिंद मरीज मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम राखी के आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की नेत्र, बीपी, शुगर एवं ओरल कैंसर की जांच की गई। जांच के दौरान दो लोगों में मोतियाबिंद की पहचान हुई। शिविर आयुष्मान कार्ड, 70 वर्ष से अधिक आयु का वय वंदना कार्ड बनाया। वही स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मौसमी बीमारियों से बचाव की,एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के तहत नियमित बीपी, शुगर एवं ओरल कैंसर जांच कराने, नेत्र परीक्षण के महत्व और मोतियाबिंद सहित दृष्टि दोष की समय पर पहचान के बारे में जानकारी दी। शिविर में ग्राम सरपंच श्रीमती थामिनी चेलक डीएस नेताम, नेत्र सहायक अधिकारी रोशन साहू,मितानिन हीरा साहू, चन्द्रभागा यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता युवती साहू,ठाकुर राम सोनवानी, योगिता साहू, ललिता कोशल, अनूप साहू ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फेडरेशन ने स्कूल समय बदलने की उठाई मांग



**आरंग।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन आरंग द्वारा शनिवार को स्कूलों के संचालन समय में किए गए बदलाव के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आरंग के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन ने मांग की है कि शनिवार को हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे के स्थान पर पूर्व की भांति सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक किया जाए। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी स्कूलों का संचालन शनिवार को एक पाली में सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक सुचारू रूप से किया जा रहा था। किंतु शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीईआरटी द्वारा जारी नई समय-सारिणी में हाई और हायर सेकेंडरी शालाओं का समय शनिवार को भी पूर्ण दिवस यानी सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित कर दिया गया है, जिससे व्यावहारिक स्तर पर गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को एक साथ मर्ज किया गया है। वर्तमान समय-सारिणी के अनुसार प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल शनिवार को सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक चलेंगे, जबकि उसी परिसर के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक संचालित होंगे। एक ही परिसर में दो अलग-अलग समय होने से संस्था प्रमुखों को स्कूल संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था बनाने में भारी कठिनाई हो रही है। वहीं शनिवार के दिन सुबह के ठंडे और शांत वातावरण में व्यायाम शिक्षकों द्वारा छात्रों को योग, पीटी और खेलकूद की गतिविधियां कराई जाती हैं। धूप तेज होने के कारण सुबह 10:00 बजे स्कूल लगने से ये बेहद जरूरी शारीरिक विकास की गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित हो रही हैं। फेडरेशन के आरंग संयोजक माणिक लाल मिश्रा ने कहा कि इन विसंगतियों के कारण न केवल शिक्षकों को बल्कि दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से त्वरित हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया है कि छात्र और शिक्षक हित को ध्यान में रखते हुए शनिवार को शाला संचालन का समय तत्काल प्रभाव से पूर्ववत (प्रातः 7:30 से 11:30 बजे) करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जाएं।

## सहायक शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन आज



**आरंग।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई आरंग ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने अपनी सात सूत्रीय जायज मांगों के समर्थन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षकों का आक्रोश साफ देखा गया।

उन्होंने आज, 15 जुलाई को राजधानी रायपुर में प्रस्तावित विधानसभा घेराव महाआंदोलन में आरंग ब्लॉक से ऐतिहासिक संख्या में शामिल होने का संकल्प लेते हुए जोरदार हुंकार भरी है। शिक्षकों के इस आक्रामक रुख से साफ है कि वे अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। फेडरेशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से वर्षों से लंबित वेतन विसंगति का त्वरित समाधान करने, सुप्रीम कोर्ट के मार्गदर्शक निर्णयानुसार पदोन्नति में वरिष्ठता का पूर्णतः पालन करने तथा प्रथम नियुक्ति तिथि से ही समस्त सेवा लाभ प्रदान करने की मांग की गई है। इसके अलावा शिक्षकों ने विभागीय परीक्षा का समय पर आयोजन करने और टीईटी की समय सीमा को समाप्त करने सहित कुल सात सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की पुरजोर वकालत की है। शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से उनकी जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे शिक्षक वर्ग में भारी असंतोष व्याप्त है। इस अवसर पर फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष धरम दास पाटिल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी न्यायसंगत मांगों के निराकरण के लिए शिक्षक समाज वर्षों से लगातार शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है।

## बेटियों की शिक्षा को मिलेगी गति अमेरी हाईस्कूल में बांटी साईकिल

**आरंग।** राज्य शासन द्वारा संचालित निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु शासकीय हाईस्कूल अमेरी में कक्षा नौवीं में अध्ययनरत 14 पात्र छात्राओं को निःशुल्क सायकलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाला विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच सूरज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। नई चमचमाती सायकलों को पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंच (सकरी) भूपेन्द्र कुर्रे, शंकर वर्मा, सनूप धीवर और पुरुषोत्तम वर्मा उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय प्रशासन की ओर से शाला की प्राचार्य डॉ. उर्मिला पाण्डेय, प्रभारी बी.एल. लसेल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने कहा कि यह सायकल केवल स्कूल आने-जाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह हमारी बेटियों की आत्मनिर्भरता और प्रगति का प्रतीक है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य यही है कि दूरी या संसाधनों की कमी के कारण किसी भी बेटी की पढ़ाई न छूटे। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से स्कूल आने और कड़ी मेहनत कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करने की सीख दी। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्य डॉ. उर्मिला पाण्डेय ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

पेज 9 के शेष...

### बारिश हो नहीं रही, मौसम ...

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर मौजूद है। अगले 24 घंटे में इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बांग्लादेश तट के ऊपर बनने की संभावना है। 15 जुलाई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### चतुर्थी तिथि का क्षय इसलिए...

जा रही है। गुप्त नवरात्रि देवी मां की आराधना, तंत्र साधना, सिद्धि प्राप्ति और विशेष अनुष्ठानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। मान्यता है कि जो साधक और श्रद्धालु इन नौ दिनों में पूरे श्रद्धाभाव और विधि-विधान से देवी की उपासना करते हैं, उन्हें मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस वर्ष गुप्त नवरात्रि का सबसे बड़ा संयोग कर्क राशि में बनने वाला गजकेसरी योग है। गुप्त नवरात्रि के दौरान चंद्रमा और देवगुरु बृहस्पति की युति से यह शुभ योग बनेगा, जो लगभग 12 वर्षों बाद देखने को मिल रहा है। ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को अत्यंत शुभ और सौभाग्य प्रदान करने वाला माना गया है। ऐसे में इस योग में की गई पूजा, जप, तप और साधना का कई गुना अधिक शुभ फल मिलने की संभावना रहती है। इस योग के प्रभाव से भक्तों को मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होगी और जीवन में सुख-समृद्धि तथा सफलता के योग बनेंगे।

**घटस्थापना प्रातः 8 बजकर 2 मिनट से :** घटस्थापना का सर्वोत्तम समय सुबह 8 बजकर 2 मिनट से है। इस दौरान पुष्य नक्षत्र के साथ हर्षण योग का संयोग मिलेगा। इसके अतिरिक्त शश-महालक्ष्मी योग भी रहेगा। ज्योतिष में धन प्राप्ति और स्थिरता के लिए अत्यंत दुर्लभ महासंयोग माना गया है। इस बार गुप्त नवरात्रि की शुरुआत पुष्य नक्षत्र में भी हो रही है, जिसे सभी नक्षत्रों में श्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुष्य नक्षत्र में किसी भी नए कार्य की शुरुआत करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस नक्षत्र में शुरू किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति नया व्यवसाय, निवेश, धार्मिक कार्य या अन्य शुभ कार्य शुरू करना चाहता है तो गुप्त नवरात्रि का प्रथम दिन विशेष रूप से शुभ रहेगा।

## लखन लाल कोसले का 75वां जन्मदिवस हर्षोल्लास से मना



सिलयारी। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज के संस्थापक अध्यक्ष लखन लाल कोसले का 75वां जन्मदिवस राजधानी रायपुर स्थित न्यू राजेंद्र नगर कार्यालय में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, प्रबुद्धजन, साहित्यकार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लखन लाल कोसले ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण, साहित्य सृजन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करते हुए समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान के अनेक प्रेरणादायी अभियान संचालित हुए, जिनका लाभ हजारों लोगों को मिला।इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों, बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि लखन लाल कोसले के बहुआयामी सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक एवं जनसेवा के योगदान को देखते हुए उन्हें देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित करने की अनुशंसा की जाए।

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द), तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 14.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरण लाल साहू पिता बिसौहा राम साहू निवासी कृष्णानगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 60/21 रकबा क्रमशः 0.0190 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0190 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.06.2026 के परिपालन में दिनांक 29.07.2026 को समय अपरान्ह 02:00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्ह किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द)

## शाला प्रबंधन समिति भंग कर नई गाइडलाइन से गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने और नियमों के मुताबिक नई शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के गठन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंदखुरी ने मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल स्कूल पहुंचकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा और व्यवस्थाओं में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल प्रबंधन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मांग की है कि वर्तमान में कार्यरत शाला प्रबंधन एवं विकास समिति को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाए। नेताओं का कहना है कि नई समिति का गठन भारत सरकार की गाइडलाइन और छत्तीसगढ़ शासन के स्पष्ट आदेशों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने पुरजोर मांग की कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकों के बीच से ही लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कर नई समिति बनाई जाए, ताकि स्कूल के विकास में पारदर्शिता आ सके। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंदखुरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष हरि बंजारे, उपसरपंच संजीव चंद्राकर, पूर्व सरपंच उत्तम टंडन, पंच निलेश साहू, पंच भगत लहरी, पूर्व पंच कैलाश साहू, दुलार बंजारे तथा महेंद्र बंजारे प्रमुख हैं।




# ट्रैफिक इंजीनियरिंग सुधार की दिशा में बड़े चौराहों का आकार किया जा रहा छोटा

## डिवाइडर की लंबाई बढ़ाई जा रही, 18 चौराहों पर किया जा रहा प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक को स्मूथ और सुरक्षित बनाने के लिए ट्रैफिक इंजीनियरिंग सुधार के तहत बड़े चौराहों का आकार छोटा किया जा रहा है। इस कड़ी में शहर के प्रमुख एसआरपी, कलेक्टोरेट चौक के साथ कई और अन्य चौराहों की चौड़ाई कम करने का काम शुरू किया गया है। ट्रैफिक पुलिस तथा जानकारों का मानना है कि चौक के आकार बड़ा होने की वजह से ग्रीन सिग्नल होने के बाद जितनी संख्या में गाड़ी निकलनी चाहिए, वह नहीं निकल पाती। इस कारण चौक का आकार छोटा किया जा रहा है।

चौक का आकार घटाने का काम कलेक्टोरेट चौराहा के साथ एसआरपी चौक में शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में अनुपम नगर के साथ आनंद नगर चौराहे का आकार कम किया जाएगा। वर्तमान में चौक के आकार बड़ा होने की वजह से सिग्नल पर गाड़ियों को चौक पर काफी पीछे रोकना पड़ता है। इस कारण रेड सिग्नल में गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती है। ग्रीन सिग्नल होने के बाद चौक से रुकी हुई पूरी गाड़ियां नहीं निकल पातीं। चौक के आकार छोटा होने के बाद गाड़ियां काफी आगे तक रुक सकती हैं। ग्रीन सिग्नल होने पर ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां निकल सकती हैं।

*लेफ्ट टर्न फ्री करने में मिलेगी मदद :* ट्रैफिक एसपी सतीश ठाकुर के अनुसार चौक के आकार छोटा होने के बाद लेफ्ट टर्न फ्री करने में मदद मिलेगी। वर्तमान में रेड सिग्नल होने के बाद लेफ्ट टर्न करने वालों को आकारण सिग्नल में रुकना पड़ता है। चौक के आकार छोटा होने के बाद एक तरफ जहां ट्रैफिक स्मूथ होगा, वहीं लेफ्ट टर्न करने वालों को राहत मिलेगी।





### इन चौक पर किया जा रहा तकनीकी सुधार

- आनंद नगर चौक
- अनुपम नगर चौक
- भगत सिंह चौक
- मोती बाग- बंजारी चौक
- भारत माता चौक
- शंकर नगर सिविल लाइंस चौक
- फाफाडीह चौक
- जयस्तंभ चौक
- कालीबाड़ी चौक
- खमारडीह थाना चौक
- खजाना चौक
- लाखे नगर चौक
- लोधी पारा अवंती बाई चौक
- महिला थाना चौक
- मेक इन इंडिया स्क्वायर
- राजीव गांधी चौक
- शास्त्री चौक
- शारदा चौक

## खबर संक्षेप



### रथयात्रा की तैयारी, उत्कल गाड़ा महिला महामंच की बैठक, लिया संकल्प

रायपुर। राजधानी रायपुर में आस्था और श्रद्धा का महापर्व 'रथयात्रा' 16 जुलाई को पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा की तैयारियों को लेकर राजधानी रायपुर में मंगलवार को उत्कल गाड़ा महिला महामंच की महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत को रथयात्रा स्वागत समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में समाज की महिलाओं एवं पदाधिकारियों ने आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में समाजजन रथयात्रा का राजधानी रायपुर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जोरदार स्वागत करेंगे तथा श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। प्रमुख रूप से रथयात्रा के अवसर पर खम्हारडीह चौक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु एवं आमजन महाप्रसाद ग्रहण कर धार्मिक एवं आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करेंगे।

### दावत-ए-इस्लामी हिंद के शोबा के तहत शजरकारी मुहिम का आगाज



रायपुर। दावत-ए-इस्लामी हिंद के फलाही शोबा जीएनआरएफ के तहत पूरे हिंदुस्तान में शजरकारी मुहिम (पौधारोपण अभियान) का आगाज कर दिया गया है। इस मुहिम का मकसद माहौल (पर्यावरण) को बेहतर बनाना, आलूदगी (प्रदूषण) को कम करना और मुल्क को ज्यादा सरसब्ज व शादाब (हरा-भरा) बनाना है। इस मुहिम के दौरान मुख्तलिफ शहरों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों, सड़कों के किनारे और दीगर अवामी मकामात पर हजारों सायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे।

## 15 जुलाई तक दस्तावेज के साथ लिए जाएंगे आवेदन

# पीएम आवास के लिए निगम मुख्यालय में उमड़ी भीड़, ग्राउंड फ्लोर पर 6 काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के 13 लोकेशन में बनने वाले 2616 मकानों को लेने आवेदकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। चार दिनों में 3490 हितग्राहियों ने इसक लिए काउंटर के सामने लाइन लगकर आवेदन जमा कराने और दस्तावेज जंचवाने खासी मशक्कत की। मुख्य द्वार से रिसेप्शन काउंटर तक आवेदकों की लाइन लगने से दिनभर गहमागहमी देखने को मिली। हितग्राहियों की सुविधा के लिए निगम ने 6 काउंटर की व्यवस्था की है, पर निगम में आवेदन लेने और दस्तावेजों के परीक्षण कराने वालों की संख्या इतनी ज्यादा है कि उन्हें लाइन लगाकर पारी का इंतजार करना पड़ रहा है। भीड़ में कुछ महिलाएं छोटे बच्चों के साथ पीने के पानी और अन्य सामग्री झोले में लेकर कतार में खड़ी नजर आईं।

शहर के 13 विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों के लिए 2616 पक्के आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। इन मकानों के लिए 15 जुलाई तक हितग्राहियों से संपूर्ण दस्तावेज के साथ आवेदन मंगाए गए हैं। निगम ने आवेदन लेने और दस्तावेज परीक्षण के लिए मुख्यालय के भूतल स्थित रिसेप्शन काउंटर के पास 6 काउंटर बनाए हैं। जिसमें 2616 आवास के लिए 3490 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि आवेदन लेने और संपूर्ण दस्तावेज को जांचने के लिए बुधवार का दिन बाकी है। मंगलवार को एक ही दिन में 800 आवेदन हितग्राहियों ने अलग-अलग काउंटर में जमा कराए।



### आवेदनों की अब तक के स्थिति पर एक नजर...

| स्थल का नाम | बनने वाले आवास की संख्या | प्राप्त आवेदन |
|---|---|---|
| पुरैना | 84 आवास | 320 |
| देवपुरी | 96 | 400 |
| कचना | 432 | 496 |
| लभांडी | 56 | 260 |

इसके अलावा हीरापुर, आमासिवनी, सड्डू सहित शहर के अन्य चयनित लोकेशन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के लिए पक्के आवास का निर्माण कराया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों से 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं।

आवेदक की आय सालाना 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। 31 अगस्त 2024 से पहले रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र का निवासी हो।

## कुशालपुर से कल निकलेगी रथयात्रा



रायपुर। पीयूष नगर, कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर में 16 जुलाई को महाप्रभु श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा निकलने से पहले रथ मार्ग की साफ-सफाई की जा रही है। यह जानकारी पं. अरविंद अवस्थी ने देते हुए बताया कि दोपहर 4.30 बजे महाप्रभु श्री जगन्नाथ, भैया बलभद्र और माता सुभद्रा के रथ पर विराजमान होने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। शाम 5 बजे से 7 बजे तक महाआरती होगी। साथ ही नीलाद्र विजय एवं मंदिर में आरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में आसपास के विभिन्न जिलों से भी श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो श्रद्धालु ओडिशा की जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल नहीं हो पाते, वे कुलैथ की रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य फल प्राप्त करते हैं।

# बोरी के भीतर सिर कुचली लाश मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाना क्षेत्र के बेंद्री गांव में मंगलवार सुबह बोरी में सिर कुचली लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

■ राखी थाना क्षेत्र के बेंद्री गांव की घटना

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच कर रही है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भेद दिया गया है। मृतक की शिनाख्ती की कोशिश की जा रही है।

लाश मिलने की जानकारी पुलिस को ग्रामीणों से मिली। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को सुबह वे काम करने अपने खेत तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर तालाब के पास सड़क किनारे पड़े एक संदिग्ध बोरे पर पड़ी। बोरे के बाहर खून क निशान दिखाई दे रहा था। शक होने पर किसी अनहोनी की आशंका में ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब बोरी खोल कर देखा, बोरी के अंदर एक युवक की लाश मिली।



### सिर पर कई वार के निशान मिले


मृतक की उम्र 30-35 वर्ष होने की बात पुलिस कह रही है। सिर पर किसी नुकीली चीज के साथ किसी भारी वस्तु से वार कर युवक की हत्या किए जाने की आशंका है। सिर पर कई चोट के निशान मिले हैं। वार इतने गंभीर थे कि उसका सिर पूरी तरह कुचल गया। शव की स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि हत्या बेहद बेरहमी से की गई है। पुलिस को आशंका है कि हत्या किसी दूसरी जगह कर लाश को बोरी में लाकर सूनसान इलाके में फेंका गया है। आरोपियों की पहचान करने पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

### 100 बालक-बालिका तैराकों ने लिया भाग

रायपुर। रायपुर डिस्ट्रिक्ट स्वीमिंग एसोसिएशन द्वारा गत दिनों जीई रोड स्थित इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जिले से लगभग 100 बालक-बालिका तैराकों ने निम्न आयुवर्ग में भाग लिया। समापन अवसर पर संजय शुक्ला उप संचालक खेलकूद शिक्षा विभाग ने पदक विजेता तैराकों को पुरस्कृत किए। चयनित तैराक 22-23 जुलाई को बिलासपुर में होने वाले राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में रायपुर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शुक्ला, सचिव नरसिंग फरिकार, कोषध्यक्ष विकम बिंदल ने तैराकों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### शंकर लाल दुबे



रायपुर। ब्राह्मण पारा बैस गली निवासी शंकर लाल दुबे अटारी वाले का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जुलाई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्वतंत्रता सेनानी स्व. आशाराम दुबे के तृतीय पुत्र थे।

### बिमला देवी अग्रवाल



रायपुर। रामकुंड होम्योपैथी कॉलेज के पास निवासी बिमला देवी अग्रवाल (67) का 14 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 जुलाई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अमित, विष्णु, गोविंदा व रोहित अग्रवाल की माता थीं।

## बिजनेस साइट

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के डॉ. शुभांक खरे ने मॉरीशस में दी विशेषज्ञ सेवाएं

रायपुर। रायपुर के श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के रेटिना विशेषज्ञ एवं नेत्र सर्जन डॉ. शुभांक खरे ने मॉरीशस में आयोजित प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सा अभियान 'लिजी अवान टू' में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं देकर भारतीय चिकित्सा की उत्कृष्टता का परिचय दिया है। इस अभियान में उनके साथ भारतीय विट्रियोरेटिनल सर्जन डॉ. करण अन्नापुर कुमारस्वामी भी शामिल हैं। अभियान के दौरान करीब 100 मरीजों की जांच की गई, जिनमें लगभग 40 मरीजों की सर्जरी आवश्यक पाई गई। भारतीय विशेषज्ञ मरीजों के उपचार के साथ स्थानीय चिकित्सकों को आधुनिक रेटिना उपचार तकनीकों का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। मॉरीशस के स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री अनिल कुमार बचू ने अस्पताल पहुंचकर भारतीय टीम के योगदान की सराहना की। श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चारुदत्त कलमकर ने कहा कि डॉ. खरे का इस अंतरराष्ट्रीय मिशन के लिए चयन उनकी विशेषज्ञता और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के चिकित्सा जगत के लिए गर्व और युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि बताया।



### आंजनेय विवि में शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक, 50 से अधिक पौधे रोपे

रायपुर। आंजनेय विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ जिला रायपुर की मासिक संगठनात्मक बैठक एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान 'एक पेड़ मां के नाम' तथा उनके प्रधानमंत्री पद के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 50 से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। बैठक में शिक्षा प्रकोष्ठ के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। आंजनेय विश्वविद्यालय में पहली बार पहुंचे कार्यकर्ताओं का जिला संयोजक एवं विश्वविद्यालय संचालक अभिषेक अग्रवाल ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।



### कांग्रेस ने पीसीसी अध्यक्ष बैज के जन्मदिन पर की जनसेवा



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा रायपुर के डीकेएस अस्पताल में मरीजों के सैकड़ों परिजनों के बीच जाकर कांग्रेसजनों ने भोजन वितरण कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिन मनाकर जनसेवा की। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की मंशानुरूप जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया। भोजन वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव कन्हैया अग्रवाल, संयुक्त महासचिव सारिक रईस खान, प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष करण राज, मनोज यादव, अजय दास सन्नी, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार, शरद गुप्ता, विजय बाफना, मोहन, मुनेश गौतम आदि कांग्रेसजन शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष ...

### बारिश हो नहीं रही, मौसम ...

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर मौजूद है। अगले 24 घंटे में इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बांग्लादेश तट के ऊपर बनने की संभावना है। 15 जुलाई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### चतुर्थी तिथि का क्षय ...

जा रही है। गुप्त नवरात्रि देवी मां की आराधना, तंत्र साधना, सिद्धि प्राप्ति और विशेष अनुष्ठानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। मान्यता है कि जो साधक और श्रद्धालु इन नौ दिनों में पूरे श्रद्धाभाव और विधि-विधान से देवी की उपासना करते हैं, उन्हें मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस वर्ष गुप्त नवरात्रि का सबसे बड़ा संयोग कर्क राशि में बनने वाला गजकेसरी योग है। गुप्त नवरात्रि के दौरान चंद्रमा और देवगुरु बृहस्पति की युति से यह शुभ योग बनेगा, जो लगभग 12 वर्षों बाद देखने को मिल रहा है। ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को अत्यंत शुभ और सौभाग्य प्रदान करने वाला माना गया है। ऐसे में इस योग में की गई पूजा, जप, तप और साधना का कई गुना अधिक शुभ फल मिलने की संभावना रहती है। इस योग के प्रभाव से भक्तों को मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होगी और जीवन में सुख-समृद्धि तथा सफलता के योग बनेंगे।

*घटस्थापना प्रातः 8 बजकर 2 मिनट से :* घटस्थापना का सर्वोत्तम समय सुबह 8 बजकर 2 मिनट से है। इस दौरान पुष्य नक्षत्र के साथ हर्षण योग का संयोग मिलेगा। इसके अतिरिक्त शश-महालक्ष्मी योग भी रहेगा। ज्योतिष में धन प्राप्ति और स्थिरता के लिए अत्यंत दुर्लभ महासंयोग माना गया है। इस बार गुप्त नवरात्रि की शुरुआत पुष्य नक्षत्र में भी हो रही है, जिसे सभी नक्षत्रों में श्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुष्य नक्षत्र में किसी भी नए कार्य की शुरुआत करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस नक्षत्र में शुरू किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति नया व्यवसाय, निवेश, धार्मिक कार्य या अन्य शुभ कार्य शुरू करना चाहता है तो गुप्त नवरात्रि का प्रथम दिन विशेष रूप से शुभ रहेगा।

**आदेश 05 नियम 20, 1 (क) व्य.प्र. सं. 1908 के तहत प्रकाशन**
**न्यायालय दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी आदित्य जोशी)

गणेश राम ............आवेदक

विरुद्ध

दी न्यु इंडिया इंश्योरेन्स कं. लि. वगै. ............अनावेदकगण

दावा प्रकरण क्रमांक – 1263/2023
पेशी तारीख–24/08/2026
प्रो.क्र.–260

बनाम

1. स्काई लाइन लॉजिस्टिक प्रो. इन्द्रजीत घोष एस. 161 ब्लाक ट्रांसपोर्ट नगर बंजारी मंदिर के पास भनपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) (पॉलसी धारक वाहन ट्रक क्रमांक सी.जी. 04 एम.टी. 8884)

आवेदक गणेश राम यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व. तिजऊ राम निवासी ग्राम झल्फा थाना हिर्री जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने आपके विरुद्ध दिनांक 08/06/2023 को वाहन ट्रक क्रमांक सी.जी.04 एम.टी.8884 मे दुर्घटना के परिणास्वरुप स्वयं को गंभीर चोट आने पर क्षतिपूर्ति राशि 46,00,000 / (छियालीस लाख रुपये) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो.यान.अधि.का एक प्रकरण संस्थित किया है।

अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 24/08/2026 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजों सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे।

आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 24/08/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।

**(आदित्य जोशी)**
**दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द), तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 14.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरण लाल साहू पिता बिसौहा राम साहू निवासी कृष्णानगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 60/21 रकबा क्रमशः 0.0190 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0190 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.06.2026 के परिपालन में दिनांक 29.07.2026 को समय अपरान्ह 02:00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्ह किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर– 14 (बोरियाखुर्द)**

# 18-19 जुलाई तक आठ मेमू और पैसेंजर ट्रेनें रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू बिलासपुर तक ही चलेगी

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा–हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 18 एवं 19 जुलाई को कुछ यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के अनुसार, इस दौरान 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (19 जुलाई), 68734 बिलासपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर (19 जुलाई), 68733 गेवरा रोड–बिलासपुर मेमू पैसेंजर (19 जुलाई), 68719 बिलासपुर–रायपुर मेमू पैसेंजर (18 एवं 19 जुलाई), 58203 कोरबा–रायपुर पैसेंजर (18 एवं 19 जुलाई), 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर (18 एवं 19 जुलाई), 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर (18 जुलाई) तथा 68745 गेवरा रोड–रायपुर मेमू पैसेंजर (19 जुलाई) रद्द रहेंगी।

*बिलासपुर से ही चलेगी झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू :* रेलवे के अनुसार, 18 एवं 19 जुलाई को 68861 गोंदिया–झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से ही रवाना होगी। यह ट्रेन गोंदिया और बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी। वहीं 68862 झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन पर ही समाप्त होगी और बिलासपुर से गोंदिया के बीच इसका परिचालन रद्द रहेगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नमस्ते दिवस पर सफाई मित्रों का सम्मान, रायपुर नगर निगम ने बांटी पीपीई किट

**रायपुर।** मंगलवार को नमस्ते दिवस के मौके पर निगम मुख्यालय भवन के सामान्य सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने सफाई मित्रों का सम्मान किया, और उन्हें पीपीई किट का वितरण किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सफाई मित्रों की सुरक्षा और सम्मान हमारा दायित्व है। महापौर ने सफाई मित्रों से अपील की कि जोखिम के कार्यो को सफाई मित्र ना करें, अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें ।

### अतिथि शिक्षकों ने किया शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव



**रायपुर।** मंगलवार को प्रदेश भर के अतिथि शिक्षकों ने अपने लंबित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के बंगले का घेराव किया। एकमुश्त मासिक वेतन देने, सेवा सुरक्षा, 12 माह का कार्यकाल और सम्मानजनक पदमान एवं नीति 2024 में आवश्यक संशोधन को लेकर अतिथि शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के सामने अपना पक्ष रखा, पर विभागीय मंत्री 2 हजार प्रतिदिन मानदेय की प्रस्तावित व्यवस्था पर ही अडिग रहे। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि उनकी मूल मांग पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला। अतिथि व्याख्याताओं ने स्थल पर बैठकर नारे लगाकर विरोध जताया। छत्तीसगढ़ अतिथि व्याख्याता संघ के अध्यक्ष लव कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा को बताया कि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 1 जुलाई से नियमित पढ़ाई प्रारंभ होनी चाहिए थी, पर आज भी कई महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं हुई है।

### स्कूली बच्चों को गणवेश पाठ्य पुस्तक वितरित



**रायपुर।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा टिकरापारा स्थित उच्चतर माध्यमिक स्कूल में मंगलवार को स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाश्ते में बच्चों को पोहा और जलेबी दिए गए। इसी दौरान विद्यालय की प्राचार्या और मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरित की गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय में ट्रस्ट की ओर से वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद प्रमोद कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष आशीष धनगर, विद्यालय की प्राचार्या संध्या तिवारी, प्रधानपाठक शैल शर्मा और ज्ञानेश पटेल, गुरुदेव संकर्षण शरण सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

### अटारी महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेचर क्लब के माध्यम से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा मंगलवार को महाविद्यालय के बालक छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी सेलट व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे मूंगा, पपीता, शहतूत, नींबू आदि फलदार वृक्ष प्राचार्य व छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वातावरण स्वच्छ बनाए रखने पेड़-पौधे अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही हरा-भरा बनाए रखते हैं। सुओ मोटो कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी-कर्मचारियों को कुत्तों के काटने से बचाव के उपाय भी बताए गए।

# मानसून रूठा, कृषि पंप चलने से बिजली की खपत आसमान पर, तीन संयंत्र भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून के मौसम में बारिश न होने के कारण कृषि पंप लगातार चल रहे हैं, इसके कारण बिजली की खपत आसमान पर चली गई है। उमस और गर्मी के कारण एसी और कूलर भी लगातार चल रहे हैं। ऐसे में बिजली की डिमांड छह हजार मेगावाट से ज्यादा है। इस समय कोरबा में बिजली के तीन संयंत्र भी बंद होने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी का अपना उत्पादन दो हजार मेगावाट से भी कम हो रहा है। चार हजार से ज्यादा बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेने की जरूरत पड़ रही है। भरी गर्मी में पॉवर कंपनी के संयंत्र लगातार बंद रहे हैं।

मानसून में बारिश का टोटा होने के कारण किसानों को बहुत परेशानी हो रही है। ऐसे में प्रदेश भर के किसानों को अपने कृषि पंपों का सहारा लेना पड़ा है। प्रदेश में सात लाख से ज्यादा स्थाई और अस्थाई कृषि पंप लगातार चल रहे हैं। कृषि पंपों के चलने के कारण बिजली की खपत ज्यादा हो रही है। कृषि पंपों पर ही रोज छह से सात सौ मेगावाट बिजली लग जाती है। इसी के साथ उद्योगों में भी रोज सात से आठ सौ मेगावाट बिजली लगती है। बाकी बिजली की खपत आम उपभोक्ता करते हैं।

**अपना उत्पादन 19 सौ मेगावाट, डिमांड छह हजार मेगावाट से ज्यादा**



### अपना उत्पादन कम

*छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी के बिजली संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन परा नहीं होता है। हमेशा से ही 25 से 26 सौ मेगावाट उत्पादन या फिर संयंत्र खराब होने पर दो हजार मेगावाट से भी कम उत्पादन होता है। इस समय भी तीन संयंत्र बंद हैं। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप संयंत्र के 250 मेगावाट के दोनों संयंत्र बंद हो गए हैं। इसी के साथ कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट का भी एक संयंत्र बंद है। कोरबा वेस्ट में तो 210 मेगावाट के दो संयंत्र भरी गर्मी में एक माह से भी ज्यादा समय तक बंद रहे हैं। इस समय पॉवर कंपनी का अपने संयंत्रों में उत्पादन 1850 मेगावाट के आस-पास हो रहा है। प्रदेश के अन्य संयंत्रों से करीब 150 मेगावाट बिजली मिलने से दो हजार मेगावाट बिजली हो रही है। खपत छह हजार मेगावाट के पार होने पर सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट से लेकर 42 सौ मेगावाट तक बिजली लेने की जरूरत पड़ रही है।*

## निशुल्क इलाज के बदले अस्पतालों को शासन से मिलता है भुगतान

# नहीं मिल रहा आयुष्मान का वरदान, प्राइवेट ही नहीं सरकारी अस्पतालों के भी करोड़ों अटके

*आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में मरीजों का निशुल्क इलाज करने वाले प्राइवेट ही नहीं, सरकारी अस्पतालों का भी करोड़ों रुपए का भुगतान अटका हुआ है। स्वास्थ्य योजना के 90 फीसदी हितग्राहियों के इलाज का सहारा यही सरकारी हास्पिटल हैं। अस्पताल मिलने वाली इस राशि की मदद से उपचार संबंधी संसाधनों की व्यवस्था करता है। इनमें आंबेडकर अस्पताल के साथ एम्स जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में बकाया सौ करोड़ के आसपास हो चुका है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की 95 फीसदी आबादी स्वास्थ्य सहायता आयुष्मान योजना की हितग्राही है। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति होने पर इसी आयुष्मान कार्ड का भरोसा करता है। हितग्राहियों को मिलने वाले इलाज के बदले स्वास्थ्य विभाग इन अस्पतालों को निर्धारित पैकेज के आधार पर राशि का भुगतान करती है। अस्पतालों को इलाज के बदले दी जाने वाली राशि के नियमित होने की शिकायत अक्सर सामने आती है। प्राइवेट ही नहीं सरकारी अस्पताल भी इस पेडिंग भुगतान की समस्या से पीड़ित है। जानकार सूत्रों का दावा है कि राजधानी में बड़े शासकीय संस्थान के रूप में पहचाने जाने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के करीब 120 करोड़ रुपए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के बकाया है।

इसी तरह आंबेडकर अस्पताल के पेडिंग एमाउंट की राशि भी 100 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल को भी इस निशुल्क स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों का इलाज करने के बदले मिलने वाली करीब 38 करोड़ की राशि का इंतजार कर रही है। आयुष्मान के मरीजों के इलाज के बदले मिलने वाली इस राशि के कुछ हिस्से का उपयोग अस्पताल में जरुरी संसाधन जुटाने में किया जाता है। इसके अलावा डाक्टरों सहित अन्य स्टाफ को दिए जाने वाले इंटेसिव सहित अन्य कार्यों में इसका उपयोग होता है।

**स्वास्थ्य योजना के 90 फीसदी हितग्राहियों को सरकारी हास्पिटलों का सहारा**




### निजी हास्पिटलों का भी करीब 500 करोड़

*इधर निजी हास्पिटलों से जुड़े सूत्रों का दावा है कि अस्पतालों को जनवरी माह से भुगतान नहीं हुआ है। राज्य में प्रायवेट अस्पतालों की पेडिंग अमाउंट भी करीब पांच सौ करोड़ तक पहुंच चुकी है। राशि नहीं मिलने की वजह से मध्यम और छोटे अस्पतालों को ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ती है। अस्पतालों को भुगतान के लिए समय-समय पर निजी अस्पतालों को अक्सर दबाव बनाना पड़ता है।*

### इंटेंसिव पर नहीं बनी बात

*ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान हितग्राही मरीजों का इलाज करने के लिए विभागीय स्तर पर शासकीय अस्पतालों में पदस्थ डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ सहित विभिन्न कर्मचारियों को आयुष्मान राशि का कुछ हिस्सा इंटेंसिव के रूप में दिया जाता है। अस्पताल के सर्जनों को प्रोत्साहन के रूप में मिलने वाली बड़ी राशि और निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में हुए बंदरबाट की शिकायतों के बाद इसे बंद कर दिया गया।*

**एक नजर में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना**

- राशनकार्ड के 2.45 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्डधारक
- एपीएल कार्डधारकों को 50 हजार, बीपीएल परिवार को 5 लाख तक निशुल्क उपचार
- राज्य के तमाम 1037 शासकीय एवं 568 निजी हास्पिटल योजना में पंजीकृत

# राहुल गांधी को प्रथम पुरस्कार, दूसरे स्थान पर रहे अमित शाह-शशि थरूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर मंगलवार को सर्किट हाउस में ऑल इंडिया पार्टी मीट का भव्य आयोजन किया गया। मीट में 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं 52 विद्यार्थी दर्शक के रूप में शामिल रहे। ऑल इंडिया पार्टी मीट में प्रतिभागियों ने विभिन्न राजनीतिक दलों की भूमिका निभाते हुए संसदीय शैली में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस वर्ष चर्चा के प्रमुख विषय नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं परिसीमन विधेयक रहे।

प्रतिभागियों ने तथ्यों एवं तार्किक दृष्टिकोण के साथ अपने विचार रखे, जिससे उन्हें लोकतांत्रिक विमर्श एवं संसदीय कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। मॉक पार्लियामेंट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पक्ष एवं विपक्ष दोनों श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार राहुल गांधी बने शौर्य शर्मा और विजय बने अबीर जैन को मिला। द्वितीय पुरस्कार अमित शाह बने एकाग्र जैन और शशि थरूर बने धवल शाह को प्रदान किया गया।

**ऑल इंडिया पार्टी मीट में संसदीय सत्र**



### पुत्र की भांति सेवा का संकल्प

*मुख्य अतिथि छग राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर रहे। मुख्य वक्ता एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री प्रथम राव फूटाने रहे। डॉ.अनुज शुक्ला, श्री सुजल गुप्ता एवं कु. हर्षित कौर मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा, 1949 से आज तक विद्यार्थी परिषद ने केवल छात्रहित के मुद्दे ही नहीं उठाए, बल्कि राष्ट्र के समक्ष आने वाली दीर्घकालिक चुनौतियों का समय रहते आकलन कर उनके समाधान हेतु समाज में व्यापक जनजागरण का कार्य किया है। मुख्य वक्ता प्रथम राव फूटाने ने कहा, पुत्र की भांति सभी देशवासियों की सेवा करने के संकल्प के साथ 9 जुलाई 1949 को अभाविप की स्थापना हुई। हम राष्ट्र निर्माण का व्यापक अभियान चला रहे हैं।अन्वित दीक्षित ने संसद अध्यक्ष की भूमिका निभाई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य यज्ञदत्त वर्मा, प्रांत कार्यालय मंत्री दुष्यंत साहू, पायल राजपूत व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।*

### सतनामी समाज का प्रतिभा सम्मान के लिए अग्रिम पंजीयन शुरू

**रायपुर।** मिनीमाता स्मृति दिवस के अवसर पर गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 11 अगस्त को महिलाओं एवं बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए मंगलवार से आवेदन आमंत्रित कर अग्रिम पंजीयन शुरू कर दी गई है। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि छग के किसी भी जिले में निवासरत सतनामी समाज की ऐसी माताएं, बहनें, जिन्होंने खेल, कला, संगीत, साहित्य, शिक्षा, विधि, योग, चिकित्सा, कृषि, वीरता, पत्रकारिता, महिला सशक्तिकरण, प्रशासनिक क्षेत्र, नशामुक्ति अभियान, रोजगारोन्मुखी कार्य व समाजोत्थान आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उसी तरह रायपुर जिले में निवासरत कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में 80% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# कर्मचारियों को नियमित करने सहित भत्ते की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में आम आदमी पार्टी की यूथ विंग अब हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। यह अभियान बेरोजगारी भत्ता बंद करने के विरोध में चलाया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, अनियमित कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं के धोखा किया जा रहा है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाली सरकार अब पूरी तरह अपनी जिम्मेदारियों से भागती नजर आ रही है।

पार्टी के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में 7 लाख 30 हजार से अधिक अनियमित कर्मचारी हैं। सरकार उन्हें नियमित करने के बजाय सिर्फ झूठे आश्वासन देकर उनका शोषण कर रही है। यह सरकार कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और उन्हें असुरक्षा की खाई में धकेल रही है। कम मानदेय वाले कर्मचारियों को 4000 रुपए मासिक विशेष भत्ता देने का प्रावधान किया गया था, उसे भी नहीं दिया जा रहा है।

**बेरोजगारी भत्ता बंद करने के विरोध में आम आदमी पार्टी की यूथ विंग चलायेगी हस्ताक्षर अभियान**



### घोषणा पत्र में किए वादे अधूरे

*आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तेजेंद्र तोड़ेकर व विजय झा ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा, अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों से आधे से भी कम वेतन देने का प्रावधान न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 एवं संविदा नियम 2012 के तहत है, परंतु न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण 2017 से एवं संविदा वेतन अगस्त 2023 के बाद वृद्धि नहीं की गई है। इससे अनियमित कर्मचारियों के परिवारों के भरण पोषण नहीं हो पाने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। भाजपा ने सरकार बनने पर 100 दिन में नियमितीकरण का वादा किया था। प्रदेश में 16 लाख 62 हजार पंजीकृत बेरोजगार हैं, जिसमें से 1.29 लाख लोगों ने बेरोजगारी भत्ता योजना में पंजीयन कराया था। अंतिम बार अगस्त-2023 में योजना की किस्त जारी की थी लेकिन इसके बाद दोनों कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने बेरोजगारों को अनदेखा करते हुए यह योजना बंद कर दी है। वाकई बेरोजगारों के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। इस दौरान जयदीप खनूजा और मिहिर कुर्मी सहित अन्य नेता मौजूद रहे।*

# कांग्रेसियों ने मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिन पूरे उत्साह और सादगी के साथ मनाया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने सपत्नीक सुबह देवेन्द्र नगर के ऑफिसर कॉलोनी में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में दर्शन करने के बाद वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन एवं पूजन किया। उसके बाद वे नकटी के प्रभावितों से मिलने नकटी गांव गए तथा उनके दुख में सहभागी बने। दीपक बैज राजीव भवन में दोपहर 12 बजे से देर शाम तक कांग्रेसजनों एवं जन सामान्य से मिलते रहे। पूरे प्रदेश से कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बधाई देने के लिए राजीव भवन आये थे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, बस्तर विधायक एवं उप नेताप्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल, विधायक दिलीप लहरिया, अनिला भेड़िया, लालजीत सिंह राठिया, उत्तरी गनपत जांगड़े, द्वारिकाधीश यादव, अंबिका मरकाम, कुवर सिंह निषाद, भोला राम साहू, विक्रम मंडावी, सावित्री मंडावी, विद्यावती सिदार, फूलसिंह राठिया, अटल श्रीवास्तव, राघवेन्द्र कुमार सिंह, व्यास कश्यप, शेषराज हरवंश, चातुरी नंद, कविता प्राण लहरे, संदीप साहू, जनक राम ध्रुव,हर्षिता स्वामी बघेल, महामंत्री दीपक मिश्रा, महामंत्री सकलेन कामदार सहित बड़ी संख्या में विधायक गण, प्रदेश पदाधिकारी बधाई देने राजीव भवन पहुंचे थे। इस असवर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रक्तदान भी किया।

**राजीव भवन में दोपहर से देर शाम तक लोगों से की मुलाकात**



### ढेबर समर्थकों के साथ बैज ने काटा केक




*छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने समर्थकों के साथ केक काटकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। एजाज ढेबर ने इस अवसर पर कहा, दीपक बैज के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस संगठन लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है। उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और संगठन को मजबूत करने के प्रयासों से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।*

# 16 को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, तैयारियां पूरी

## राज्यपाल, सीएम निभाएंगे छेरा पहरा की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में 16 जुलाई को जय जगन्नाथ जयघोष के साथ जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भगवान के रथ के सामने सोने की झाड़ू से छेरा पहरा की रस्म के साथ सेवा करेंगे। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों और रथयात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष और उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रथयात्रा के दिन प्रातःकाल 11 वैदिक पंडितों द्वारा विशेष अभिषेक और मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन एवं हवन कराया जाएगा। रथयात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभ्रदा के तीन दिव्य रथ पूरी तरह से सजधज कर आकर्षक श्रृंगार के साथ तैयार कर लिए गए हैं। जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने बताया कि रथयात्रा भक्त और भगवान के प्रत्यक्ष मिलन का महापर्व है। साल में केवल एक बार महाप्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। रथयात्रा के दिन सुबह चंदन, केसर, कस्तूरी और कपूर सहित अन्य सुगंधित द्रव्यों से भगवान का दिव्य स्नान कराया जाएगा तथा पारंपरिक गजामूंग का महाप्रसाद अर्पित किया जाएगा। 24 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा होगी। रथयात्रा के दौरान महिला मंडलों द्वारा भजन-कीर्तन, आकर्षक सांस्कृतिक झांकियां, पारंपरिक लोक कलाकारों द्वारा सुंदर लोक नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

## जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में नकटी गांव से राजभवन तक निकलेगी

# नकटी प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने 13 किमी. की पदयात्रा आज

*नकटी गांव में 85 गरीब एवं प्रभावित परिवारों के मकान तोड़े जाने के विरोध तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली न्याय पदयात्रा की तैयारी को लेकर मंगलवार को राजीव भवन, में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) मलकीत सिंह गेंदू ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा कर पदयात्रा की रूपरेखा एवं जिम्मेदारियां तय कीं।*



पीसीसी अध्यक्ष, विधायक-कांग्रेस के नेता होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बैठक में बताया गया कि बुधवार, 15 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे नकटी गांव से प्रारंभ होकर लगभग 13 किलोमीटर की यह न्याय पदयात्रा पीटीएस चौक, माना, फुंडहर चौक, राम मंदिर करेंसी टावर तेलीबांधा गौरव पथ होते हुए लोक भवन पहुंचेगी।

पदयात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्दीपक बैज, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विधायक, रायपुर जिले के समस्त कांग्रेसी, नकटी गांव के 85 प्रभावित परिवारों के सदस्य तथा विभिन्न समाजों के प्रमुख बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### कांग्रेस कर रही लगातार आंदोलन

*कांग्रेस नकटी के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए लगातार चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा, भाजपा सरकार ने गरीब परिवारों के आशियाने उजाड़ दिए, लेकिन आज तक उनके पुनर्वास और मुआवजे के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। यदि प्रशासन चाहे तो नकटी गांव की उपलब्ध भूमि में ही सभी प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास किया जा सकता है। कांग्रेस की मांग केवल इतनी है कि जिन गरीब परिवारों के घर तोड़े गए हैं, उन्हें उसी गांव में बसाया जाए और उनके नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।*

### ये थे मौजूद

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे पूर्व विधायक श्रीमती अनीता शर्मा, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री अशोक राज आहूजा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री प्रवीण साहू, भावेश बघेल, योगेन्द्र सोलंकी, जयंत साहू, के. रोसैया, छवि धीवर, रेखराम पात्रे, हरि बंजारे, परमानंद पटेल, विमल साहू, विद्याभूषण सोनवानी, आशीष वर्मा, अजितेश शर्मा, रामा यादव, कोमल साहू, ओमप्रकाश यादव एवं बलदाऊ साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



हर परिस्थिति में धर्म का साथ देना ....


## लाइव इवेंट

### विद्यार्थियों ने गेट-टुगेदर पार्टी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे, लगाया दोस्ती में स्वाद का तड़का



**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा गेट-टुगेदर पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके को खास बनाने विद्यार्थियों ने पार्टी में स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में फरा, गुलगुला भजिया, टमाटर की चटनी परोसकर रिश्तों में स्वाद का तड़का लगाया। बता दें कि महाविद्यालय के दो माह के अवकाश के पश्चात विद्यार्थियों का एक साथ मिलना अत्यंत भावपूर्ण रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। लगभग दो घंटे तक चले इस संगीत समारोह में सभी ने एक-दूसरे की प्रस्तुतियों का आनंद लिया तथा अपने महाविद्यालय जीवन की मधुर स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने आधुनिक फास्ट फूड, नूडल्स अथवा जंक फूड के स्थान पर मिलेट श्रीअन्न एवं पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को प्राथमिकता दी। सभी स्वल्पाहार विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने घरों में तैयार कर लाए गए थे। इनमें चावल से बना पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा उसके साथ परोसी गई स्वादिष्ट पारंपरिक टमाटर की चटनी, मीठा गुलगुला तथा अन्य पारंपरिक व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

#### गुरुओं का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

*कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने अपने गुरु डॉ. दीपक बेडेकर तथा तबला संगतकार श्रीहरि पटेल का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन, स्नेह और प्रोत्साहन के कारण ही उन्हें अध्ययन एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई है। साथ ही ग्रुप फोटो क्लिक कर इस मिलन समारोह को और अधिक यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों में प्रीति साहू द्वारा फरा, राधिका यादव द्वारा मिलेट का मीठा गुलगुला, सोनाली गोलदार द्वारा किनुआ टिक्की विशेष रूप से सराहे गए। इस अवसर पर गगन यादव ने बांसुरी में एकल वादन किया, संदीप शर्मा, नितिन लुनिया, प्रीति साहू, पायल भट्ट, राधिका यादव, सोनाली गोलदार ने एकल गायन प्रस्तुत किया।*

## आत्मनिर्भर बनने युवा वोकेशनल कोर्सेज, डिप्लोमा और लाइवलीवुड कॉलेज का रूख कर रहे

# कौशल प्रशिक्षण ने युवाओं को बनाया हुनरमंद फैशन डिजाइनिंग-आईटी सेक्टर्स में बढ़ी धमक

**प्रदेश के युवा एक ओर हायर एजुकेशन के साथ बाद वोकेशनल कोर्सेज व डिप्लोमा सर्टिफिकेट से स्किल्ड बन भविष्य को संवार रहे हैं। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण हर वर्ग के युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज और कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न प्रकार के निशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार-उन्मुख बनाया जा रहा है।**

विश्व युवा कौशल दिवस आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण के सीईओ अरविंद अहिरवार ने बताया कि युवाओं की रुचि और बाजार की मांग के अनुसार विभिन्न सेक्टर्स में ट्रेनिंग दी जा रही है। इनमें कंप्यूटर और आईटी में ऑफिस ऑटोमेशन, डेटा एंट्री, तकनीकी ट्रेड में मोटर वाहन मरम्मत, इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, हॉस्पिटैलिटी और रिटेल में रिटेल सेल्स, ब्यूटीशियन, सिलाई, फैशन डिजाइनिंग, हॉस्पिटैलिटी जैसे कोर्सेस शामिल हैं। युवा को एक निश्चित अवधि तक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद सरकारी मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। साथ ही ट्रेनिंग के बाद प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार मेला के माध्यम से इन सेक्टर्स से संबंधित कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान की जाती है। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य को पंख लगे हैं।



#### संस्थाओं में व्यावसायिक और कौशल आधारित पाठ्यक्रम

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा और तकनीकी संस्थानों में छात्रों को रोजगार-उन्मुख बनाने के लिए बैचलर ऑफ वोकेशन, आईआईटी और डिप्लोमा स्तर पर कई व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही हैं। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उपलब्ध हैं।

#### करियर को ध्यान में रखकर चुनें फील्ड

शहर की जानी-मानी कॅरियर काउंसलर व शिक्षाविद् वर्षा वरवंडकर का कहना है कि युवा अपनी रुचि और क्षमता को पहचानें। सबसे पहले ये देखें कि उसकी बौद्धिक क्षमता कितनी है। इसी के आधार पर कॅरियर लक्ष्य निर्धारित करें और सोचें कि आप भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। युवाओं के लिए ढेरों कॅरियर विकल्प हैं, जिससे वे अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं। इसमें आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रॉफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग और वोकेशनल कोर्सेज जैसे स्किल-आधारित कॅरियर चुनकर भविष्य संवार सकते हैं।





#### इन क्षेत्रों में युवा बन रहे रोजगारोन्मुखी

राज्य के प्रमुख व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में आईटी और कंप्यूटर के क्षेत्र में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेटा साइंस, हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म में होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य और पैरामेडिकल में मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी , नर्सिंग और फिजियोथेरेपी, व्यापार और प्रबंधन में अकाउंटिंग एंड टैक्सेशन, रिटेल मैनेजमेंट और बैंकिंग एंड फाइनेंस, इंजीनियरिंग और तकनीकी में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल इंजीनियरिंग और सीएनसी, ऑटोकैड आधारित प्रशिक्षण, कला और डिजाइन में इंटीरियर डिजाइन, फैशन डिजाइन, और एनिमेशन, कृषि में कृषि व्यवसाय प्रबंधन और बागवानी जैसे कोर्सेस युवाओं को रोजगार उन्मुखी बनने में मददगार साबित हो रहे हैं।

## सिटी इवेंट

### एक अच्छा मेंटर सलाह देने के बजाय विद्यार्थियों को स्वयं समस्या का समाधान खोजने प्रेरित करता है



**रायपुर।** एनआईटी में दो दिवसीय फैकल्टी अपग्रेडेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मंगलवार को यह आयोजन संस्था के मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग सेल और बेटर स्पेस संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को छात्र मार्गदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता तथा सकारात्मक शिक्षण वातावरण के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस आयोजन की मुख्य वक्ता बैटरस्पेस की कोफाउंडर डॉ. शिवली श्रीवास्तव रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. समीर बाजपेयी के संबोधन से हुआ। उन्होंने वर्तमान समय में विद्यार्थियों पर बढ़ रहे भावनात्मक एवं शैक्षणिक दबावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के तनाव से गुजर रहा है, जिसका प्रभाव शिक्षकों और विद्यार्थियों के आपसी व्यवहार पर भी पड़ता है, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता हैं। उन्होंने अपने संबोधन का समापन इस संदेश के साथ किया कि सुंदर मस्तिष्क होना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण सुंदर हृदय होना है। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के हेड कैरियर डेवलपमेंट सेंटर डॉ. समीर बाजपेयी, डॉ. मनोज कुमार चोपकर और अन्य फैकल्टी मेम्बर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य उनमें सहानुभूति, प्रभावी संचार, आत्म-जागरूकता तथा एक प्रभावी मेंटर के गुणों को विकसित करना था। इन गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों के महत्व को भी रेखांकित किया गया।



#### मानसिक स्वास्थ्य पर औपचारिक नहीं, सहज चर्चा हो

कार्यक्रम में डॉ. शिवली श्रीवास्तव ने सत्र का संचालन किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा केवल औपचारिक न होकर सहज, अनौपचारिक तथा उनकी अपनी भाषा में भी होनी चाहिए, जिससे विद्यार्थी खुलकर अपनी बात रख सकें। उन्होंने मेंटरिंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक अच्छा मेंटर प्रत्येक समस्या का समाधान स्वयं देने या हर समय सलाह देने के बजाय विद्यार्थियों को स्वयं सोचने, प्रश्न पूछने और समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। विद्यार्थियों को ऐसे शिक्षक की आवश्यकता होती है, जो उनकी बात धैर्यपूर्वक सुने, सहानुभूति रखे, विश्वास कायम करे, खुले विचारों वाला हो तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित विशेषज्ञ की सहायता लेने के लिए भी प्रेरित करे।

## शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देख सांस्कृतिक विरासत से परिचित हुए विद्यार्थी





रायपुर। होली हार्ट्स स्कूल में स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में छात्रों को पारंपरिक संगीत, नृत्य और अन्य प्रदर्शनकारी कलाओं का सम्मान करने तथा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहरा जुड़ाव महसूस करने के लिए प्रेरित किया गया। विविध कला रूपों के संरक्षण व सराहना के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हुए उषा रानी ने अपनी टीम के साथ शास्त्रीय नृत्य की मोहक और गरिमामय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके नृत्य को देखकर पूरा सभागार आनंद से झूम उठा। होली हार्ट्स स्कूल सदैव अपने छात्रों को ऐसे समृद्ध अनुभव और अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहता है।

## पिनेकल की नवगठित कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ

**रायपुर।** लायंस क्लब पिनेकल की नई कार्यकारिणी का औपचारिक पदस्थापना समारोह सूर्या रेजीडेंसी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चार्टर अध्यक्ष विभा भूटानी, विशिष्ट अतिथि रश्मि लाखोटिया तथा रीजन चेयरपर्सन लायन अंजना विनायक की उपस्थिति रही। समारोह में ओथ कमिश्नर अंजना विनायक ने नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष शालिनी सोनी, सचिव शोभा जांभुलकर और कोषाध्यक्ष शुभ्रा नागपाल ने अपने-अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया।



अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शालिनी सोनी ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए क्लब की सेवा गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण क्लब के नवीन ई-रोस्टर का औपचारिक लोकार्पण रहा, जिसे सचिव शोभा जांभुलकर द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला टावरी ने किया। शुभारंभ अंजना श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रगान से हुआ। अंत में कोषाध्यक्ष लायन शुभ्रा नागपाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## युवाओं में धार्मिक टैटू बनवाने का बढ़ने लगा क्रेज, 12 हजार से 30 हजार तक कर रहे खर्च


# भक्तिमय टैटू बनवाने का क्रेज, भगवान के नाम, मंत्र और चेहरे की आकृति शरीर पर गुदवा रहे शिवभक्त

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शिवभक्तों के लिए केदारनाथ व अमरनाथ यात्रा चल रही है। वहीं भगवान शिव का प्रिय सावन का महीना भी 30 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। हर भक्त किसी न किसी तरह भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति दिखाता है। कोई पूजा-पाठ करके तो कोई मीलों यात्रा करके भगवान शिव के दर्शन के लिए जाता है। वहीं अब नए ट्रेंड के हिसाब से लोग अपने शरीर पर भगवान शिव के नाम, मंत्र व पोर्ट्रेट का टैटू बनवाना पसंद कर रहे हैं। जैसे ही शिव की भक्ति का महीना आता है, वैसे ही लोगों, खासकर युवाओं में धार्मिक टैटू बनवाने का क्रेज बढ़ने लगता है। टैटू आर्टिस्ट की मानें तो सावन के महीने व कांवड़ यात्रा के दौरान टैटू बनवाने का क्रम शुरू हो जाता है। दिनभर में 3 से 4 युवा टैटू बनवाने आ रहे हैं।







रूद्र रूप का भी टैटू बनवा रहे

*आर्टिस्ट मान ने बताया कि वैसे तो 12 महीने टैटू बनाते हैं, लेकिन सावन शुरू से पहले ही भगवान शिव के टैटू बनवाने ज्यादातर लोग आते हैं। खासतौर पर कांवड़ लेकर जाने वाले भक्त शरीर पर टैटू बनवाना काफी पसंद करते हैं। वे अघोरी स्वरूप का टैटू बनवाते हैं। इन दिनों कोई महामृत्युजंय मंत्र में त्रिशूल, कोई शिव पोर्ट्रेट में, कोई शांत स्वरूप, कोई अघोरी स्वरूप तो कोई तांडव करते हुए रूद्र रूप में टैटू बनवाना पसंद कर रहा है। भगवान शिव के टैटू का ट्रेंड सावन में ज्यादा देखने को मिलता है।*

#### मंत्र गुदवा रहे शिवभक्त

आर्टिस्ट केशव ने बताया कि लोग धार्मिक टैटू बनवाना पसंद करते हैं, लेकिन भगवान शिव के प्रति भी भक्तों की गहरी आस्था है, इसलिए लोग भगवान शिव के प्रतीक डमरू, त्रिशूल आदि जैसे पवित्र चिह्नों का अपने शरीर पर टैटू बनवाते हैं। इन दिनों मंत्र टैटू में अंत अस्ति प्रारंभ व सर्वस्यापी भवते मंत्र लिखवाया जा रहा है।

#### बेहिसाब खर्च करने को तैयार

टैटू आर्टिस्ट ने बताया कि इन दिनों रोजाना 2 से 3 युवा टैटू बनवाने आ रहे हैं। कोई भगवान शिव का पोर्ट्रेट मंत्र के साथ तो कोई शिव मंत्र तो जय महादेव, महाकाल आदि के टैटू बनवा रहा है। उन्होंने बताया कि छोटे टैटू बनाने में तो आधा घंटा लगता है, लेकिन पोर्ट्रेट बनाने में लगभग 5 घंटे लगते हैं। लोग महामृत्युंजय मंत्र भी लिखवाना पसंद कर रहे हैं। छोटे टैटू बनवाने में 2500 रुपए का खर्च आता है, वहीं बड़े पोर्ट्रेट बनवाने में 12 हजार से 30 हजार तक का खर्च आता है।

**धर्म लाइव**

## माता साहिब हासी देवी की 200वीं जन्म जयंती पर आज से आठ दिवसीय महोत्सव

**रायपुर।** विश्वविख्यात हिंद-सिंध का 315 वर्ष प्राचीन पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ माता साहिब हासी देवी की 200वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 15 से 22 जुलाई तक रायपुर तथा 22 जुलाई को भिलाई में भव्य धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। महोत्सव का शुभारंभ 14 जुलाई से माता साहिब जी के मदाह साहिब एवं श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ के साथ होगा। माता साहिब हासी देवी जी का जन्म आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी, वर्ष 1826 में सिंध के खानपुर मेहड़ में हुआ था। उन्होंने लगभग 57 वर्षों तक शदाणी दरबार की सेवा करते हुए मानव सेवा, नारी उत्थान एवं लोककल्याण के कार्य किए। उन्होंने महिलाओं को धार्मिक और सामाजिक कार्यों में समान सहभागिता के लिए प्रेरित किया। सिंध में अकाल के दौरान उनकी प्रार्थना एवं सतगुरु संत शदाराम साहिब के आशीर्वाद से एक बोरी गेहूं से छह माह तक अखंड भंडारा संचालित होने का उल्लेख भी किया जाता है। उनकी 100वीं जन्म जयंती पर सतगुरु संत गोबिंदराम साहिब द्वारा सिंध में गोल्डन टेम्पल का निर्माण कराया गया था।

### श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा भी

पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी एवं सेवादारी संतोष चंदवानी ने बताया कि 15 से 22 जुलाई तक प्रतिदिन जगद्गुरु स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा होगी। इसके साथ ही माता साहिब हासी देवी के जीवन, सेवा, नारी सशक्तिकरण एवं लोककल्याणकारी कार्यों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को दरबार साहिब का पाटोत्सव, 19 से 21 जुलाई तक भव्य मेला आयोजित होगा। इसी दौरान भारत सरकार द्वारा माता साहिब हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का विशेष रजत स्मारक सिक्का एवं विशेष डाक टिकट जारी किया जाएगा। वर्तमान पीठाधीश्वर डॉ. संतश्री युधिष्ठिरलाल महाराज द्वारा निर्मित माता साहिब की स्वर्ण प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। 22 जुलाई को भिलाई में विशाल कलश यात्रा एवं जन्म जयंती महोत्सव का आयोजन होगा।

**सिटी लाइव**

## बच्चों ने निबंध और चित्रों में उकेरा विकसित सरोना स्टेशन का सपना



**रायपुर।** भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे सरोना रेलवे स्टेशन को लेकर स्थानीय स्कूली बच्चों में उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में सरोना स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी/अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को मेरे शहर का स्टेशन विकसित भारत में कैसा होगा और विकसित भारत बनाने के लिए मैं क्या करूंगा/करूंगी जैसे विषय दिए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार निबंध के माध्यम से व्यक्त किए। साथ ही चित्रकला के जरिए भविष्य के आधुनिक, स्वच्छ और सर्वसुविधायुक्त रेलवे स्टेशन की कल्पना को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

### पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा

रेलवे के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सरोना स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए कई विकास कार्य किए गए हैं। इनमें स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण एवं विस्तार, सुविधाजनक प्रतीक्षालय, बैठने की बेहतर व्यवस्था, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाओं का विकास शामिल है। स्कूल प्रबंधन एवं रेलवे समन्वयकों के अनुसार, प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। दोनों विद्यालयों से निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

**समाज इवेंट**

## भगवान झूलेलाल की उपासना के पर्व चालीहा महोत्सव का कल से आगाज



**रायपुर।** सिंधी समाज रायपुर द्वारा चालीहा महोत्सव का आयोजन किया गया है। मंगलवार को समाजजनों ने चालीहा महोत्सव के ब्रोशर का विमोजन किया। साईं शेहरा वाले दरबार के सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थावानी, सुभाष बजाज व तनेश आहूजा ने बताया कि भगवान झूलेलाल की अराधना का यह उत्सव सिंधी समाज द्वारा पूरे देशभर में मनाया जाता है, जिसमें चालीस दिनों तक व्रत उपवास रखकर भगवान झूलेलाल की उपासना की जाती है। सिंधी समाज रायपुर व थावानी परिवार द्वारा अहमदाबाद के साईं शेहरा वाले के सानिध्य व आशीर्वाद से भव्य चालीहा महोत्सव मनाया जा रहा है। चालीहा महोत्सव बहुत ही चमत्कारी माना जाता है, जिसमें साधना करने वालों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, महासचिव बलराम आहूजा,एमआईसी मेंबर अनामिका सिंह, रमेश मिर्घानी, ललित जैसिंध, सावित्री जगत, सुभाष बजाज, विकास रूपरेला, जीवत बजाज, अनिल लाहौरी, राजू चंदनानी समेत समाजजन उपस्थित रहे।

**सिंधी समाज ने चालीहा महोत्सव के ब्रोशर का किया विमोचन**

---

श्रीमद्भागवत कथा का समापन, देवकीनंदन ठाकुर महाराज को प्रेमपूर्वक भावविभोर होकर दी विदाई

# हर परिस्थिति में धर्म का साथ देना सबसे बड़ी विजय सोशल मीडिया पर नहीं, जीवन में भी सच्चे सनातनी बनें

श्रीमद्भागवत कथा के सफल एवं भव्य समापन के उपरांत श्रद्धालुओं ने कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज को प्रेमपूर्वक भावविभोर होकर विदाई दी। कथा के संयोजक योगेश अग्रवाल ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य समापन महाआरती के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं ने भक्ति और भावविभोर होकर महाआरती में सहभागिता कर प्रभु से सुख, शांति और समस्त विश्व के कल्याण की मंगलकामना की। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।






**रायपुर।** योगेश अग्रवाल, शिवरतन गुप्ता व प्रदीप जैन ने मंच से देवकीनंदन महाराज का आभार किया। महाराजश्री ने कथा में कहा कि अपना और बच्चों का जन्मदिन होटलों में भव्य पार्टियां और दिखावा करने के स्थान पर अपने घर में विधि-विधान से भगवान का पूजन, हवन, भजन-कीर्तन और संतों का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। जन्मदिन पर ईश्वर का स्मरण करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। जन्मदिन पर मंदिर में भंडारे का आयोजन कर गरीबों, जरूरतमंदों, साधु-संतों और भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराना सबसे बड़ा पुण्य है। जब किसी के जन्मोत्सव से अनेक लोगों का पेट भरता है और उनके चेहरे पर मुस्कान आती है, तभी उस जन्मदिन की वास्तविक सार्थकता सिद्ध होती है। भगवान का आशीर्वाद, माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वचन तथा सेवा और दान का भाव व्यक्ति के जीवन को सफल बनाता है।

### परिवार, समाज और राष्ट्र का भविष्य संवारते हैं बच्चे

मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति धन नहीं, बल्कि संस्कारवान संतान होती है। धन-संपत्ति समय के साथ घट-बढ़ सकती है, लेकिन अच्छे संस्कारों से युक्त बच्चे परिवार, समाज और राष्ट्र का भविष्य संवारते हैं। जिन बच्चों के जीवन में सत्य, सेवा, विनम्रता, अनुशासन, माता-पिता के प्रति सम्मान और भगवान के प्रति आस्था होती है, वे अपने माता-पिता का ही नहीं, पूरे समाज का नाम रोशन करते हैं। प्रत्येक माता-पिता का प्रथम कर्तव्य केवल बच्चों को अच्छी शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें रामायण, श्रीमद्भागवत, श्रीमद्भगवद्गीता और सनातन संस्कृति के आदर्शों से परिचित कराकर संस्कारवान बनाना भी है। हर सनातनी को अपने बच्चों के भीतर ध्रुव, प्रह्लाद और मीराबाई की तरह धर्म, संस्कार और भक्ति की शिक्षा का विस्तार करना चाहिए।

### भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं ईश्वर

जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं। यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। अर्थात जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं स्वयं अवतार धारण करता हूं। भगवान श्रीराम ने त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अवतार लेकर रावण का अंत किया, वहीं द्वापरयुग में भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल से ही अनेक असुरों का संहार कर संसार को यह संदेश दिया कि ईश्वर अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### इनका रहा विशेष सहयोग

श्रीमद्भागवत कथा के भव्य आयोजन में सुनील रामदास अग्रवाल, संजय चौधरी, शिवरतन गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राजकुमार राठी, दीपक गुप्ता, राजेश अग्रवाल, नवीन लोढ़ा, विनोद पाहवा, आलोक पांडेय, राजीव अवस्थी सहित सभी कार्यकर्ता ने तन-मन से कम समय में इस आयोजन को कराया। कथा विश्राम के बाद योगेश अग्रवाल ने रायपुर सहित छत्तीसगढ़ की सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं का आभार माना, साथ ही नगर निगम, पुलिस-प्रशासन एवं राज्य सरकार का भी आभार जताया।

---

## मुखी सम्मेलन में समाज की कुरीतियों पर होगा मंथन, तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत की ओर से रविवार शाम सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में पदाधिकारियों एवं मुखियों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य 19 जुलाई को तिल्दा में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय मुखी सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करना था। महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि बैठक के प्रथम सत्र में संयोजक चेतन तारवानी, इंदर डोडवानी, किशोर आहूजा और गोविंद वाधवानी ने सम्मेलन की रूपरेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के युवा वर्ग में बढ़ रही कुछ कुरीतियां चिंता का विषय हैं, जिन पर सम्मेलन में विस्तार से चर्चा की जाएगी। संस्थापक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, महापंचायत अध्यक्ष अमर गिदवानी और महासचिव जीतू बडवानी ने कहा कि सम्मेलन में विवाह में हो रही देरी, विवाह के बाद पारिवारिक हस्तक्षेप, बढ़ते तलाक के मामले तथा युवाओं में विवाह के प्रति उदासीनता जैसे विषय प्रमुख रहेंगे। उनका कहना था कि इन विषयों पर समाज स्तर पर गंभीर विचार-विमर्श आवश्यक है।महिला टीम अध्यक्ष भावना कुकरेजा, युवा अध्यक्ष राशि बलवानी और वरिष्ठ सदस्य राधा राजपाल ने सुझाव दिया कि तलाक के मामलों को कम करने के लिए पंचायत के नियमों को प्रभावी बनाया जाए तथा आवश्यक होने पर दोषी परिवारों पर सामाजिक प्रतिबंध लगाने जैसे विषयों पर भी विचार किया जाए।बैठक में रूपचंद भीमनानी, करमचंद गावड़ा, नंदलाल साहिता एवं अमित जीवन ने प्रत्येक इकाई में महिला पंचायत को सक्रिय करने पर जोर दिया।



### सट्टा और जुए जैसी प्रवृत्तियों पर चिंता

*विवाह के बाद मायके लौटने वाली बेटियों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान का प्रयास किया जाना चाहिए। कोषाध्यक्ष सुदेश मंध्यान, उपाध्यक्ष राजेश गुरनानी और युवा अध्यक्ष महेश आहूजा ने युवाओं में सट्टा और जुए जैसी प्रवृत्तियों पर चिंता व्यक्त की। बैठक में निर्णय लिया गया कि तिल्दा मुखी सम्मेलन में प्रत्येक वक्ता को अपनी बात रखने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा तथा प्रत्येक पंचायत से युवा एवं महिला वर्ग के दो-दो प्रतिनिधियों को वक्ता के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। बैठक के अंत में राधाकिशन सुंदरानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश वासवानी, अशोक मलानी, अमरदास खट्टर, सुरेश सुखीजा, विजय मथानी, विजय इसरानी सहित लगभग 100 सदस्य उपस्थित रहे।*

## महिला स्वसहायता समूहों के लिए रोजगार का मौका 72 मिलेट हेल्थ फूड कॉर्ट के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और श्रीअन्न (मिलेट) आधारित पोषण अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) की सेक्शन-8 कंपनी सीएसवीटीयू-फोर्टे ने आरईसी लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से नई पहल शुरू की है। इसके तहत महिला स्वसहायता समूहों को निशुल्क मिलेट हेल्थ फूड कॉर्ट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनके माध्यम से वे स्थानीय स्तर पर मिलेट आधारित पौष्टिक खाद्य उत्पादों का स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को उद्यमिता से जोड़ते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, स्थानीय कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन बढ़ाना तथा समाज में पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूकता विकसित करना है। चयनित महिला समूहों को फूड कार्ट के साथ खाद्य प्रसंस्करण, गुणवत्ता, स्वच्छता, विपणन और उद्यम संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।




### 72 मिलेट हेल्थ फूड कार्ट वितरित किए जाएंगे

योजना के प्रथम चरण में 72 मिलेट हेल्थ फूड कार्ट वितरित किए जाएंगे। चयनित महिला समूहों को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से निर्धारित स्थानों पर फूड कार्ट संचालित करने के लिए आवश्यक अनुमति एवं सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही सीएसवीटीयू-फोर्टे एवं आरईसी फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित प्राथमिक मिलेट प्रसंस्करण इकाइयों एवं ग्रामोद्योग केंद्रों सीएसवीटीयू परिसर दुर्ग, ग्राम खम्हरिया और रावेलीडीह के संचालन के लिए भी महिला स्वसहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पंजीकृत इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह मिलेट हेल्थ फूड कार्ट, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयों तथा ग्रामोद्योग केंद्रों में रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और विस्तृत जानकारी **www.csvtuforte.com** पर उपलब्ध है।

---

शहर के ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिरों में समितियों ने रथयात्रा की रूपरेखा की जारी

# हवन-पूजन और भोग के बाद भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर कल पहुंचेंगे मौसी के घर, श्रद्धालुओं की उमड़ेगी भीड़

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ की भव्य वार्षिक रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। कल शहर के प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिरों से श्रद्धा-भक्ति के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए मंदिर परिसरों में रथयात्रा की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। रथ सज गए हैं और हवन-पूजन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। शहर के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिरों में इस दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। शहर के पुरानी बस्ती स्थित लगभग 500 साल पुराने टूरीहटरी जगन्नाथ मंदिर और गायत्री नगर श्री जगन्नाथ मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में रथयात्रा धूमधाम से निकलेगी। इस साल जगन्नाथ पुरी की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा की तर्ज पर शहर में भी भव्य आयोजन होने जा रहा है। पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर होने वाले इस महोत्सव की तैयारियां सनातन परंपराओं के अनुरूप अक्षय तृतीया के बाद से ही शुरू हो चुकी थी। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा भव्य लकड़ी के रथों में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सनातन परंपरा में रथयात्रा का यह महापर्व वैश्विक स्तर पर प्रेम, सद्भाव और भक्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्रजी और माता सुभद्रा अपने भव्य रथों पर सवार होकर मौसी का घर माने-जाने वाले गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं के बीच इस यात्रा का महत्व इस बात से आंका जा सकता है कि भक्त रथों को खींचने के लिए उत्साहित होते हैं। रथ खींचना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। पुरानी बस्ती टूरीहटरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के पुजारी तिलक दास त्यागी ने बताया कि 16 जुलाई को मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक हवन-पूजन, दोपहर 12.30 से 1 बजे तक महाआरती, आरती के पश्चात भोग व महाप्रसादी के बाद शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्रजी और माता सुभद्रा अपने भव्य रथों पर विराजेंगे। फिर भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण से रथयात्रा नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया जाएगा।





### यहां से होकर निकलेगी रथयात्रा


पुरानी बस्ती टूरीहटरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के पुजारी तिलक दास त्यागी ने बताया कि 16 जुलाई को शाम 4 बजे मंदिर प्रांगण से रथयात्रा लोहार चौक, पुरानी बस्ती थाना, तात्यापारा रोड, सत्ती बाजार, अमीनपारा, कंकाली तालाब, आजाद चौक, आमापारा होते लाखेनगर, टिल्लू चौक गुंडिचा मंदिर पहुंचेगी। जहां से 25 जुलाई को एकादशी के दिन भगवान जगन्नाथ वापस मंदिर लौटेंगे।

### गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा की रहेगी धूम

रथयात्रा के अवसर पर गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में दिव्य परंपरा के अंतर्गत भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की सुबह 9 बजे से विधि-विधान पूजा अर्चना, हवन पूजन, महाआरती, भोग अर्पित किया जाएगा। शाम 4 बजे से रथयात्रा में श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में श्री जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होकर दर्शन का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## हेल्थ टिप्स

### आपकी इन आदतों की वजह से शरीर में जमने लगता है फैट



वजन बढ़ना आज के समय में बेहद आम समस्या है। हमारे देश में इस समस्या से करोड़ों लोग ग्रसित हैं। इसके पीछे कई कारण हैं, इन्हीं में से एक कारण हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें हैं भी हैं, जिसके बारे में आपको जानना चाहिए।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में वजन बढ़ना एक बेहद आम समस्या है, एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में लगभग 10 करोड़ से अधिक लोग इस समस्या से परेशान हैं। मोटापा सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक महामारी बन चुका है। यह धीरे-धीरे हमारे शरीर में घर करता है और अपने साथ डायबिटीज, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। अक्सर हम मोटापे को सिर्फ खाने-पीने से जोड़ते हैं, लेकिन इसके पीछे हमारे दिनचर्या की कुछ गलत आदतें भी होती हैं, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि हमारा बढ़ता तनाव, कम शारीरिक गतिविधि (गतिहीन जीवनशैली) और अनियमित खानपान, ये सब मिलकर शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने को बढ़ावा देते हैं। अच्छी बात यह है कि सही आदतों को अपनाकर इसे नियंत्रित भी किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आदतों के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप इन आदतों को सुधारकर एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। हमारी रोजमर्रा की कुछ आदतें जाने-अनजाने में मोटापे का कारण बनती हैं। इन्हें पहचानकर सुधारना जरूरी है-



#### खानपान की कुछ आदतें

ज्यादा नमक, चीनी और सैचुरेटेड फैट (मक्खन, घी, पनीर) वाले खाना, जैसे फास्ट फूड, प्रोसेस्ड स्नैक्स और कोल्ड ड्रिंक तेजी से कैलोरी बढ़ाते हैं, जिससे वजन बढ़ता है।

#### अनियमित नींद

हर दिन सोने और जागने का समय बदलना या पर्याप्त नींद न लेना शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ाता है। यह हार्मोन शरीर में चर्बी जमा करने में अहम भूमिका निभाता है।

#### कम शारीरिक गतिविधि

दिनभर बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली मोटापे का एक बड़ा कारण है, क्योंकि इससे कैलोरी बर्न नहीं होती और फैट इकट्ठा होता है।

#### मानसिक तनाव

मानसिक तनाव शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ाता है, जिससे भूख लगती है और मीठा खाने की इच्छा होती है, ये दोनों ही आदतें शरीर में फैट जमा होने में अहम भूमिका निभाती हैं। तनाव प्रबंधन मोटापे से निपटने के लिए बेहद जरूरी है।

#### पानी कम पीना

शरीर में पानी की कमी भी मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है जिससे वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

#### गतिहीन जीवनशैली का प्रभाव

आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधि



की कमी मोटापे का बड़ा कारण है। ऑफिस में या स्क्रीन के सामने लंबे समय तक बैठे रहने से भी शरीर में फैट इकट्ठा होने लगता है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग भी अप्रत्यक्ष रूप से मोटापे से जुड़ा है, क्योंकि यह गतिहीनता को बढ़ावा देता है। ये आदतें पेट के आसपास खतरनाक विसरल फैट को जमा करती हैं, जो हृदय रोग का जोखिम बढ़ाता है।

#### वजन नियंत्रण के लिए उपाय

अगर आपको अपने वजन को नियंत्रित रखना है तो आप अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव करके इसे नियंत्रित कर सकते हैं। वेट लॉस करने के लिए खानपान में बदलाव जरूरी है। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे साबुत अनाज, फल, सब्जियां और दाल अपनी डाइट में शामिल करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं। डाइट में मीठी चीजों का सेवन को सीमित रखें। रोज नियमित रूप से हर दिन 30 मिनट व्यायाम करें। ऑफिस में लगातार बैठकर काम करने से परहेज करें, हर 1 घंटे पर थोड़ी देर के लिए कुर्सी से उठकर टहलें। पर्याप्त नींद लें और तनाव प्रबंधन के लिए मेडिटेशन या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।


---

बारिश के दिनों में सेहत का रखें पूरा खयाल

# मानसून में संक्रामक रोगों से बचे रहना है तो कीजिए कुछ जरूरी उपाय, तनाव-शुगर पर भी रहेगा कंट्रोल

मानसून के मौसम में कई प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो गंभीर संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। इनसे बचे रहने के लिए कुछ जरूरी उपाय किए जा सकते हैं। मानसून के दिनों में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। नमी वाले इस मौसम में कई प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो गंभीर संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में तुलसी का काढ़ा पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।तुलसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे भारतीय पारंपरिक चिकित्सा में विशेष स्थान प्राप्त है। मानसून के दौरान संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और तुलसी का काढ़ा इनसे बचाव में सहायक हो सकती है।

अध्ययनों में तुलसी की पत्तियों और इसके अर्क को सेहत के लिए बहुत लाभप्रद पाया गया है। इसमें विटामिन-ए और सी के साथ कैल्शियम, जिंक, आयरन पाया जाता है जिसकी हमारे शरीर को नियमित आवश्यकता होती है। आपको फ्लू जैसे संक्रामक रोगों से बचाने से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने तक के लिए इसे फायदेमंद पाया गया है।



### कैसे बनाएं काढ़ा?

तुलसी का काढ़ा बनाना काफी आसान है। इसके लिए एक पैन में 2 कप पानी उबालें। इसमें तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च, और लौंग डालें। इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर उबलने दें, जब तक कि पानी आधा न हो जाए। अब इसे छानकर कप में निकालें और स्वादानुसार शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं।



तुलसी का काढ़ा मानसून में रोजाना पीने से आप स्वस्थ और संक्रमण मुक्त रह सकते हैं। हालांकि, यदि आपको किसी विशेष प्रकार की स्वास्थ्य समस्या है या आप गर्भवती हैं, तो इसके सेवन करने से पहले किसी चिकित्सक से परामर्श करें।

### शुगर और हार्ट के रोगियों के लिए लाभकारी

शुगर-कोलेस्ट्रॉल दोनों ही समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बढ़े हुए ब्लड शुगर का स्तर आंखों, तंत्रिकाओं से लेकर हृदय की समस्याओं को बढ़ाने वाला माना जाता है, वहीं हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण हृदय रोग-हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ जाता है, इसे कंट्रोल में रखना जरूरी है। तुलसी की पत्तियों का सेवन या इससे तैयार काढ़ा पीना इन दोनों स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम करने में मददगार है।

### दूर रहती है चिंता-तनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया दैनिक आहार में तुलसी को शामिल करके इससे लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तुलसी की चाय, इसकी पत्तियों या अर्क का सेवन करके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है। तुलसी का काढ़ा एक प्राकृतिक एडेप्टोजेन माना जाता है, जो शरीर को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करती है। यह मानसिक शांति और संतुलन को बढ़ाने के लिए भी



सहायक है। स्ट्रेस की समस्या से परेशान लोगों को भी काढ़ा पीने से लाभ मिल सकता है।

### इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संक्रमणों से लड़ने में मदद करते हैं। तुलसी का काढ़ा श्वसन तंत्र को साफ करता है और बलगम को कम करने में मदद करता है। ऐसे में इसके सेवन से सर्दी, खांसी, और गले की खराश जैसी समस्याओं में राहत मिल सकती है। तुलसी में मौजूद प्राकृतिक एंटीबायोटिक गुण मानसून में फैलने वाले सामान्य संक्रमणों से भी आपको सुरक्षित रखने में सहायक है। मानसून का समय आते ही दुनियाभर में अर्बोवायरल रोगों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। हर साल इन बीमारियों के कारण हजारों लोगों की मौत हो जाती है। अर्बोवायरल रोग, उन वायरल बीमारियों को कहा जाता है जो संक्रमित कीटों मुख्यतः मच्छरों और टिक्स के काटने से मनुष्यों में फैलता है।

---

# किचन कैबिनेट्स साफ करते वक्त रहें सावधान

किचन कैबिनेट्स को साफ करना भी जरूर है, लेकिन लकड़े के कैबिनेट्स को आप किन चीजों से साफ कर रही हैं, यह जानना जरूरी हैं। कुछ चीजें लकड़ी को खराब कर सकती हैं। आइए आपको इस लेख में बताएं कि किन चीजों से किचन कैबिनेट्स को साफ नहीं करना चाहिए।



**पानी से सफाई करने से हो सकता है नुकसान-** लकड़ी नमी से बहुत जल्दी खराब हो जाती है। अगर कैबिनेट्स पर बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया जाए या उन्हें बहुत देर तक गीला छोड़ दिया जाए, तो लकड़ी फूल सकती है। उसमें दरारें पड़ सकती हैं और उसका फिनिश खराब हो सकता है। पानी लकड़ी के अंदर घुसकर उसे सड़ा भी सकता है। इसके बजाय, एक नम कपड़े का उपयोग करें और फिर तुरंत सूखे कपड़े से साफ करें।

**अब्रेसिव क्लीनर और स्क्रबिंग पैड का इस्तेमाल न करें-** स्टील वूल, खुरदुरे स्पंज या किसी भी प्रकार के अब्रेसिव क्लीनर का उपयोग लकड़ी के कैबिनेट्स पर नहीं करना चाहिए। ये लकड़ी की सतह को खरोंच सकते हैं, जिससे उसकी चमक खत्म हो सकती है और उस पर स्थायी निशान पड़ सकते हैं। हमेशा नरम माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। युक्त उत्पाद लकड़ी के फिनिश को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अमोनिया लकड़ी के रंग को फीका कर सकता है और उसकी प्रोटेक्टिव लेयर को तोड़ सकता है, जिससे लकड़ी खराब होने लगती है।

---

# जीभ के रंग से पता लगा सकते हैं सेहत का हाल

हमारी जीभ सिर्फ स्वाद नहीं बताती, बल्कि हमारे सेहत का आईना भी है। स्वस्थ जीभ हल्की गुलाबी होती है, पर अगर इसका रंग असामान्य दिखे, तो यह किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। आइए जानते हैं की जीभ का रंग बदलने पर किन बीमारियों का संकेत हो सकता है।

हमारे शरीर का हर अंग हमारी सेहत के बारे में कुछ न कुछ जरूर बताता है, और इनमें से एक है हमारी जीभ। यह सिर्फ स्वाद चखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समग्र स्वास्थ्य की स्थिति का एक अहम आईना होती है। आमतौर पर एक स्वस्थ जीभ हल्की गुलाबी, नम और उस पर एक हल्की सी सफेद परत होती है।

### सफेद जीभ और इसके कारण

सफेद जीभ या मोटी सफेद परत अक्सर खराब मौखिक स्वच्छता, फंगल इन्फेक्शन (जैसे ओरल थ्रश) या डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकती है। कैंडिडा यीस्ट के कारण होने वाला ओरल थ्रश बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में आम है। इसके अलावा, ल्यूकोप्लाकिया, एक ऐसी स्थिति जिसमें सफेद धब्बे बनते हैं, मुंह के कैंसर का प्रारंभिक संकेत हो सकती है। धूम्रपान और तंबाकू का उपयोग भी सफेद जीभ का कारण बनता है। नियमित ब्रशिंग और जीभ की सफाई इस समस्या को कम कर सकती है।

### लाल या चटक गुलाबी जीभ

असामान्य रूप से लाल या चटक गुलाबी जीभ विटामिन बी की कमी, विशेष रूप से बी12 या फोलिक एसिड, का संकेत हो सकती है। यह स्कार्लेट बुखार या कावासाकी रोग जैसी बीमारियों से भी जुड़ी हो सकती है। इसके अलावा, जीभ पर लाल धब्बे या



चिकनी सतह (ग्लोसाइटिस) एलर्जी, संक्रमण या ऑटोइम्यून रोगों का लक्षण हो सकती है। ऐसी स्थिति में रक्त जांच और डॉक्टर से परामर्श जरूरी है।

### पीली जीभ

पीली जीभ अक्सर पाचन संबंधी समस्याओं, जैसे गैस्ट्राइटिस या लिवर की खराबी, का संकेत देती है। यह बैक्टीरियल ग्रोथ या खराब मौखिक स्वच्छता के कारण भी हो सकती है। कई बार जीभ का पीला होना जॉन्डिस या पीलिया बीमारी का लक्षण भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### जीभ को स्वच्छ रखने के उपाय

जीभ के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित मौखिक स्वच्छता जरूरी है। दिन में दो बार ब्रश करें और जीभ को टंग स्क्रेपर से साफ करें। पर्याप्त पानी पिएं, ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। धूम्रपान, तंबाकू से परहेज करें। अपनी डाइट में संतुलित आहार शामिल करें। यदि जीभ का रंग या बनावट असामान्य हो और यह एक सप्ताह से अधिक समय तक रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

---




# बॉक्सिंग- फुटबॉल में बाजी मारी बिलासपुर ने

**रायपुर।** राजधानी में जारी सुब्रतो कप फुटबॉल और बॉक्सिंग में मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। इन खेलों मे सभी वर्गो मे बिलासपुर नै बढ़त बनाई है। अधिकांश खिलडिओ नै अपने वर्ग मे जीत दर्ज की है। 14 वर्ष बालक के नतीजो में 30 केजी मे दुर्ग से नयन, -32 केजी मे रायपुर से गौरव, -36 केजी मे बस्तर से रूद्र, -38 केजी मे बस्तर के आदित्य, -40 केजी मे बिलासपुर से आदित्य, -42 केजी मे रायपुर से तुलेश्वर, -44 केजी मे रायपुर से आदित्य, -46 केजी मे दुर्ग से समर, -48 केजी मे रायपुर से जहूर, -50 केजी मे दुर्ग से उमेश राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा हेतु चयनित हुए।

इसी तरह17 वर्ष बालक वर्ग - 46 केजी मे बिलासपुर से आर्या चौहान, -48 मे शेख जिंदान, - 50 केजी मे बिलासपुर से रघुवीर, -52 केजी मे दुर्ग से चितेश्वर, 54 केजी मे बिलासपुर से योगी, -57 केजी मे बिलासपुर से हर्षित, -60 केजी मे रायपुर से साक्ष वासुदेव, 63 केजी मे रायपुर से गिरजानांद, -66 केजी मे बिलासपुर से आशीष, -70 केजी मे बिलासपुर से निखिल, -75 केजी मे बिलासपुर से दुष्यंत कुमार, 80+ केजी मे रायपुर से प्रवीण सिंह,19 वर्ष आयु समूह मे -46 केजी मे दुर्ग से अभिराज,-49 केजी मे दुर्ग से तुलेन्द्र, -52 केजी मे रायपुर से हर्ष, -56 केजी मे रायपुर के खूबराज, - 60 केजी मे बिलासपुर से अमीन, -64 केजी मे बिलासपुर के ओम, -69 केजी मे बिलासपुर के मुबीन, -75 केजी मे दुर्ग से रितेश -81 केजी मे रायपुर नै प्रणीत, -91 केजी मे बस्तर से तन्मय और 91+ केजी वजन समूह मे प्रीतम का नेशनल स्कूल गेम्स बॉक्सिंग के लिए चयन हुआ है। इस खेल को सम्पन्न करने वाले ऑफिशियल, तोशिन साहू, सीमावती भगत, सनत साहू योगेंद्र कुमार, हिमांशु साहू, सीतेश्वर साहू, रोहित साहू,विशाल हियाल,संयोजक उमेश सिंह ठाकुर, तकनीकी सहयोगी विवेक साहू, सूरज यादव और अपर्णा दीवान रहे। इसी प्रकार सुब्रतो फुटबाल के परिणाम में 15 वर्ष बालक वर्ग मे बस्तर ने रायपुर को 4/0 से, रायपुर नै दुर्ग को 4/0 से, सरगुजा नै दुर्ग को 2/1 से हराया इसी प्रकार 17 वर्ष बालक मे बस्तर नै रायपुर को 2/1 से हराया, और सरगुजा नै दुर्ग को 2 /0 से हराया। बालिका 17 वर्ष आयु समूह मे बस्तर ने रायपुर को 5/0 से हराया और दुर्ग व रायपुर के बिच मैच ड्रॉ रहा। वही सरगुजा नै दुर्ग को 2/1 से हराया।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मैट डेमन ने की नोलन की तारीफ, शूटिंग के अनुभव को किया साझा; कहा- 'हमेशा से ऐसा करना चाहता

हॉलीवुड स्टार मैट डेमन शुक्रवार को फिल्म 'द ओडिसी' के इंडियन प्रीमियर के लिए मुंबई पहुंचे, जहां उनके साथ क्रिस्टोफर नोलन, टॉम हॉलैंड और



प्रोड्यूसर एमा थॉमस भी मौजूद रहीं। द ओडिसी स्टार मैट डेमन ने हाल ही में डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने अपने किरदार को लेकर भी खुलकर बात की। इस किरदार को निभाने के अपने अनुभव को याद करते हुए मैट डेमन ने कहा कि यह उनके लिए बिल्कुल अलग और खास अनुभव था। उन्होंने क्रिस्टोफर नोलन के काम करने के तरीके की भी तारीफ की और बताया कि कैसे पूरी टीम ने मिलकर इस बड़े प्रोजेक्ट को पूरा किया।

मैट ने कहा, 'यह एक बहुत ही दिलचस्प और कठिन किरदार है। लेकिन इसे इतने बड़े लेवल पर, इस तरह से, क्रिस (नोलन) के साथ करना मेरे लिए खास रहा। उनकी फिल्ममेकिंग का तरीका बहुत अलग है- सब कुछ असली होता है, कैमरे में ही शूट किया जाता है। मुझे ऐसा लगा जैसे यह मेरे लिए डेविड लीन जैसी फिल्म करने का एक मौका था, और मैं हमेशा से ऐसा करना चाहता था। जब उन्होंने मुझे कॉल किया, उसी वक्त मुझे समझ आ गया था कि यह क्या होने वाला है।'

उन्होंने आगे बताया कि इस फिल्म को बनाने में कितनी मेहनत लगी। मैट डेमन ने कहा, 'मुझे अंदाजा था कि यह कितना बड़ा प्रोजेक्ट होगा और इसमें हजारों लोगों की मेहनत लगेगी। लेकिन सबसे खास बात यह थी कि वहां मौजूद हर शख्स दिल

### टॉलीवुड

## तमिल एक्टर आर्या के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज, करोड़ों रुपये का बकाया न चुकाने का आरोप

तमिल सिनेमा के अभिनेता आर्या एक बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं, उन पर 1.8 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम का



बकाया ना चुकाने का आरोप लगा है। पुलिस में इस मामले को लेकर शिकायत भी दर्ज की गई है। हैदराबाद पुलिस ने रविवार को बताया कि शहर की एक फर्म ने तमिल एक्टर आर्या और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। इस फर्म ने एक फिल्म की शूटिंग के लिए सिने प्रोडक्शन इक्विपमेंट सप्लाई किए थे। जिनका 1.8 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया नहीं चुकाया गया। इसी मामले को लेकर तमिल एक्टर आर्या और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पीटीआई के मुताबिक ताहेर सिने टेक्निक के एक अधिकारी ने 10 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि आर्या और 'अनंतन काडू' फिल्म बनाने वाले स्टूडियो के प्रतिनिधियों ने फिल्म के लिए सिने प्रोडक्शन इक्विपमेंट लेने के लिए कंपनी से संपर्क किया था। मेकर्स ने भरोसा दिलाया था कि इक्विपमेंट के किराए का सारा पैसा चुका दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

शिकायतकर्ता ने कहा कि फिल्म के लीड एक्टर होने के नाते आर्या ने व्यक्तिगत रूप से भरोसा और गारंटी दी थी। इस भरोसे के बाद शिकायतकर्ता ने फरवरी 2025 में एक समझौता किया और हैदराबाद से केरल तक डिजिटल कैमरे, लाइटिंग इक्विपमेंट और सिने प्रोडक्शन से जुड़े अन्य इक्विपमेंट सप्लाई किए।

### छॉलीवुड

## मया के चिन्हारी का हुआ मुहुर्त पहुंची छॉलीवुड की हस्तियां

गीत संगीत बेस्ड फिल्म मोर चिन्हारी दर्शकों के दिल पर छोड़ेगी अमिट छाप-सतीश जैन छॉलीवुड के मनोज वर्मा, संतोष जैन, प्रदीप शर्मा सहित नामचीन लोग



हुए शामिल भिलाई। छॉलीवुड के सुप्रसिद्ध निर्माता निर्देशक राजेश नायक एवं मंजिल जम्भुलकर द्वारा निर्मित एवं श्रीमंत बारीक द्वारा निर्देशित तथा एनआरके प्रोडक्शन हाउस के बेनर तले बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म मया के चिन्हारी का शुभ मुहुर्त गत दिवस भाठागांव रायपुर के एक निजी होटल में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छॉलीवुड के संस्थापक डायरेक्टर सतीश जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढी फिल्मों के सुपर डायरेक्टर मनोज वर्मा ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्म के निर्माता निर्देशक संतोष जैन तथा छॉलीवुड के बेस्ट एक्टर प्रदीप शर्मा एवं फिल्म की नायिका हेमा शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान निर्माता राजेश नायक एवं निर्देशक श्रीमंत बारीक ने फिल्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रोडयूसर मंजिल जम्भुलकर ने फिल्म की होने वाले शूटिंग कहां कहां होगी इसकी पूरी जानकारी उपस्थितो को दी। इस दौरान फिल्म के नायक लक्षित झांजी, सक्षम नायक, छत्तीसगढ एवं भोजपुरी फिल्मों के एक्टर शमशीर सिवानी, निर्देशक पुरूराज साहू, चन्द्रशेखर चकोर, अभिनेत्री दीपिका सहित कई अभिनेता एवं अभिनेत्रियों के साथ छॉलीवुड से जुडे कई मशहूर हस्तियां मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छॉलीवुड के संस्थापक डायरेक्टर सतीश जैन ने कहा कि राजेश नायक छॉलीवुड के बहुत पुराने फिल्मकार है, उनको यहां के लोककला और लोक संस्कृति की पूरी जानकारी है, यही कारण है कि इनके फिल्मे गीत संगीत बेस्ट रहती है जो सीधे दर्शकों के दिल में उतरती है।


### पेरिस की शान




पेरिस फ़ैशन वीक का स्ट्रीट स्टाइल सहज नफ़ासत, बेहतरीन टेलरिंग और बोल्ड स्टेटमेंट पीस पर फ़ोकस करता है। पेरिस के शो में जाने वालों के खास स्टाइल को अपनाने के लिए, आप उन मुख्य ट्रेंड्स को अपना सकते हैं जो पेरिस की सड़कों पर छाए रहते हैं।

## घर पर करें फेशियल, खिला रहेगा आपका चेहरा

घर पर ही आप फेशियल करके ग्लोइंग त्वचा पा सकती हैं। यहां हम आपको घर पर ही फेशियल करने का सबसे आसान तरीका बताने जा रहे हैं।



### क्लींजिंग

फेशियल के लिए सबसे पहले त्वचा को साफ करें। क्लींजिंग के लिए कच्चा दूध या गुलाबजल का उपयोग कर सकती हैं। कॉटन में दूध या गुलाबजल लेकर चेहरे को अच्छे से साफ करें। इससे चेहरे पर जमी गंदगी निकल जाएगी और त्वचा ताजा महसूस करेगी।

### स्टीमिंग

स्टीमिंग के लिए सबसे पहले एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें कुछ बूंदें एसेंशियल ऑयल की डाल सकते हैं। अब तौलिए से सिर को ढककर चेहरे को भाप दें।

### स्क्रब

स्क्रब करने के लिए 1 बड़ा चम्मच चीनी, 1 छोटा चम्मच शहद लें और इसे मिलाकर चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें। इससे मृत त्वचा निकल जाती है और त्वचा में चमक आती है।

### मसाज

फेशियल के चौथे स्टेप में मसाज करें। इसके लिए नारियल तेल लें और इससे पूरे चेहरे पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। ऐसा करने से रक्त संचार बढ़ता है और त्वचा मुलायम बनती है।

### फेस पैक

मसाज के बाद घर पर ही अपनी स्किन टाइन के हिसाब से फेस मास्क तैयार करें। आप दो बड़े चम्मच बेसन में एक चुटकी हल्दी, एक चम्मच दही मिलाकर चेहरे पर लगा सकती हैं। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

### टोनर

टोनर के लिए गुलाब जल बेस्ट विकल्प है। चेहरे पर लगे फेस मास्क को धोने के बाद चेहरे पर गुलाबजल का स्प्रे करें या कॉटन में लेकर लगाएं। यह त्वचा को फ्रेश बनाता है।

### मॉइस्चराइज

फेशियल के सबसे आखिर में त्वचा को नम रखने के लिए मॉइस्चराइजर लगाएं। इससे आपकी त्वचा में नमी बरकरार रहेगी।

## दुपट्टे वाली गाउन ड्रेसेस को स्टाइल करें पाएं मॉडर्न लुक



ट्रेडिशनल लुक के साथ मॉडर्न ट्विस्ट पाने के लिए आप इस तरह की दुपट्टे वाली गाउन ड्रेस पहन सकती हैं। इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। अगर आप अपने ट्रेडिशनल लुक को मॉडर्न टच देना चाहती हैं, तो आप दुपट्टे वाली गाउन ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस आपके स्टाइल में नया ट्विस्ट लाने का काम करेगा, साथ ही, इसे पहनने के दौरान आप कंफर्टेबल भी रहेंगी। हम आपको कुछ दुपट्टे वाली गाउन ड्रेसेस दिखा रहे हैं। इस तरह की ड्रेस में आपका लुक सुंदर लगेगा, साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।



### एम्बेलिश्ड वर्क गाउन ड्रेस

अगर आप शादी के बाद पहली बार मानसून सेलिब्रेट कर रही हैं और भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, साथ ही ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं, तो आप इस तरह की एम्बेलिश्ड वर्क गाउन ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है, और इस गाउन ड्रेस के साथ जो दुपट्टा है, वह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा। इस तरह की ड्रेस के साथ अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप पर्ल वर्क इयररिंग्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को न्यू टच देंगे।



### प्रिंटेड दुपट्टा गाउन

अगर आप मानसून पर ग्रीन कलर का आउटफिट नहीं पहनना चाहती हैं, तो आप प्रिंटेड में इस तरह का गाउन स्टाइल कर सकती हैं। यह गाउन सिंपल फैब्रिक में है, लेकिन इस गाउन के साथ जो दुपट्टा है, वह बेहद ही खूबसूरत प्रिंट में है। यह आउटफिट आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा और इसे स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर लगेगा। इस आउटफिट के साथ आप झुमके पहन सकती हैं, जो आपके लुक में चार-चांद लगा देंगे।

## मानसून में सजाएं अपने पैर, लगाएं आलता के ये खूबसूरत डिजाइंस

मानसून में महिलाओं को अच्छे से तैयार होकर रहना काफी पसंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह त्योहारों का महीना कहा जाता है। इस महीने को खास बनाने के लिए आप पैरों में आलता भी लगा सकती हैं।

### आलता लगाकर पैरों की बढ़ाएं रौनक

आप भी मानसून में आलता लगाकर अपने पैरों की रौनक को दोगुना कर सकती हैं। इससे पैर भी सुंदर नजर आएंगे। साथ ही, आपको अलग-अलग तरह के डिजाइन पता चल जाएंगे। जिसे लगाने के बाद आपके पैर सुंदर लगेंगे।

### गोल टिक्की डिजाइन वाला आलता

आप पैरों में सिंपल लेकिन सबसे ज्यादा लगाने वाले आलता डिजाइन गोल टिक्की को लगा सकती हैं। इस तरह के आलता डिजाइन लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपको अपने पैरों में आलता लगाना है। इसके बाद ऊपर की तरफ गोल टिक्की का डिजाइन क्रिएट करा सकती हैं। इससे आपके पैर सुंदर नजर आएंगे।



### फ्लावर डिजाइन वाला आलता

मानसून में पैरों की रौनक को दोगुना करने के लिए आप फ्लावर डिजाइन वाले आलता को लगा सकती हैं। इस तरह के आलता डिजाइंस आसानी से बन जाते हैं। आपको अपनी एडी औऱ पंजे के पास आलता डिजाइन लगाना है। इसके बाद बीच के हिस्से में आपको सिंपल डिजाइन वाला फ्लावर क्रिएट करना है। इससे आपके पैर सुंदर नजर आएंगे।

## गोल्ड हूप्स इयररिंग्स से बढ़ाएं अपनी खूबसूरती

सिंपल लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आइए इसके कुछ नए डिजाइंस देखते हैं। जब भी लुक को क्रिएटिव बनाने की बात आती है, तो ऐसे में अक्सर हम कुछ ऐसे डिजाइन की ज्वेलरी को पहनना पसंद करते हैं। जिसे वियर करके हम सुंदर नजर आएं। ऐसे में आप भी अपने सिंपल लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं।

### ट्रिपल सर्कल वाले गोल्ड हूप्स इयररिंग्स

आप अपने आउटफिट के साथ पहनने के लिए इन ट्रिपल सर्कल डिजाइन वाले गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, इसके बाद आपका लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह के इयररिंग्स को पहनने से आप लुक में कुछ नया ऐड कर पाएंगी। आप इस तरह के इयररिंग्स को बाजार से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### हाफ हूप्स गोल्ड इयररिंग्स करें वियर

अगर आप वेस्टर्न आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं, तो ऐसे में आप हाफ हूप्स गोल्ड



इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। बस आपको इसमें फोटो में नजर आने वाले डिजाइन को खरीदकर वियर करना है। इसे पहनने के बाद हर कोई इयररिंग्स के बारे में पूछेगा। ऐसे में आप भी ऐसे ही इयररिंग्स को खरीदकर पहन सकती हैं।

### ट्विस्टेड डिजाइन वाले गोल्ड हूप्स इयररिंग्स


सुंदर आप तभी नजर आएंगी। जब आप ट्विस्टेड डिजाइन वाले गोल्ड हूप्स इयररिंग्स को वियर करेंगी। इस तरह के इयररिंग्स में आपको अलग तरह का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आपको इसमें लाइनिंग पैटर्न भी मिलेगा।

### कार्नर न्यूज

### लाइफ स्टाइल से जुड़ी आदतें असर करती हैं हमारी त्वचा पर

## लंबे समय तक चाहिए ग्लोइंग स्किन तो 30 के बाद छोड़ दें कुछ आदतें, मिल जाएगा हमेशा जवां दिखने

हर पुरुष की ख्वाहिश होती है उसकी स्किन एवरग्रीन और एवरग्लोइंग रहे। लेकिन यह मुश्किल जरूर है नामुमकिन नहीं। पुरुषों का सबसे हसीन दौर 20's का होता है। ये सिर्फ स्किन नहीं बल्कि उनकी जिंदगी का भी हसीन दौर होता है। इस वक्त न तो भविष्य को लेकर ज्यादा चिंता होती है और न ही स्किन की। इस समय अपकी स्किन नैचुरली ही ग्लो करती है। लेकिन जैसे-जैसे आप 30 की उम्र पर पहुंचते हैं। जिंदगी के साथ आपकी स्किन की भी परीक्षा शुरू हो जाती है। 30 की उम्र शुरू होते ही या पार करते ही न केवल स्किन में महीन रेखाएं उभरने लगती हैं बल्कि धीरे-धीरे ग्लो भी कम होने लगता है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में आपकी स्किन और खराब हो सकती है। स्किन केयर तो आप करते हैं, लेकिन यह उतनी प्रभावी नहीं जितनी होनी चाहिए। केयरिंग के साथ ही आपको अपनी कुछ बुरी आतदों को भी छोड़ना होगा। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो आदतें, जिन्हें छोड़ने पर आपकी स्किन लंबी उम्र तक जवां



रह सकती है।

### 30 के बाद छोड़ दें ये आदतें

अच्छी चीजों और आदतों को बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने पड़ते हैं। अगर आपकी भी हेल्दी और फ्रेश स्किन की ख्वाहिश है तो फिर कुछ कड़े कदम उठाइए। स्किन केयर भी कारगर है लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है कुछ आदतों में बदलाव। आइए जानते हैं उन आदतों के बारे में जिन्हें बदलने का समय आ चुका है,

### पुराने स्किन केयर प्रोडक्ट को यूज न करें

हम इंडियन बड़ी ही किफायती होते हैं। हर चीज को पूरा यूज करना चाहते हैं। लेकिन यही आदत स्किन के लिए बड़ी भूल बन सकती है। किफायत के चक्कर में अगर आप पुराने या एक्सपायर स्किन केयर प्रोडक्ट्स को चुन रहे हैं तो अपनी इस आदत को बदल दें।

एक्सपायर स्किन केयर प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन पर तमाम तरह के साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। पिंपल्स, स्किन पैच, स्किन इरीटेशन जैसी समस्याओं का आपको सामना करना पड़ सकता है।

### उम्र के अनुसार चुनें स्किन केयर प्रोडक्ट

स्किन केयर प्रोडक्ट की लंबी रेंज मार्केट में अविलेबल है। ये प्रोडक्ट स्किन टाइप, उम्र और स्किन कंडीशन पर आधारित होते हैं। कारण ही हर किसी की त्वचा अलग किस्म की होती है, उसी के अनुसार उसे केयर की जरूरत होती है। उम्र के हर पड़ाव में आपको अलग-अलग स्किन केयर की जरूरत होती है। यही कारण है जो प्रोडक्ट आप 20's में यूज करते थे, वो 30 या इसके बाद नहीं कर सकते।30 के बाद स्किन की डिमांड चेंज हो जाती है। इसे अवाइड करना सही नहीं। इसलिए उम्र के हिसाब से ही प्रोडक्ट का चुनाव करें।

### एस्ट्रीजेंट को 'नो' और टोनर को कहें 'यस'

कम उम्र में आप यह नहीं जान पाते कि आपके लिए एस्ट्रीजेंट जरूरी है या टोरन। लेकिन यह ध्यान रखें कि 30 के बाद टोनर आपके लिए स्किन टॉनिक है।

